✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 10 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 6 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कृषि वानिकी एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करते सीएम सम्राट चौधरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा

# बिहार के 50 लाख घरों को मिलेगी फ्री सोलर बिजली : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी पटना के जे.पी. गंगा पथ पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जल्द ही लाखों परिवारों को मुफ्त सोलर बिजली का लाभ मिलेगा। इतना ही नहीं, निर्धारित खपत से अधिक बिजली उत्पादन करने वाले उपभोक्ताओं के बैंक खातों में सरकार सीधे पैसे भी भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में बड़े पैमाने पर सोलर आधारित बिजली उत्पादन केंद्र और रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने जा रही है। योजना के पहले चरण में करीब 5 लाख घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बिहार को ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के वित्तीय प्रावधानों की जानकारी देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रत्येक घर को सोलर सिस्टम लगाने के लिए 33 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी। इसके बाद सोलर स्थापना में आने वाली शेष लागत का वहन बिहार सरकार करेगी। इससे आम लोगों पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 15 तारीख को भारत सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कर योजना की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। सीएम ने कहा कि वर्तमान में बिहार सरकार बिजली सब्सिडी पर हर साल लगभग 23 हजार करोड़ रुपये खर्च करती है। अब सरकार इस व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को अगले दो वर्षों में राज्य के 50 लाख घरों तक सोलर बिजली पहुंचाने का लक्ष्य दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही आपके घरों में सोलर सिस्टम से बिजली उत्पादन शुरू होगा और उत्पादन 125 यूनिट से अधिक होगा, उस अतिरिक्त बिजली के बदले सरकार आपके बैंक खाते में सीधे पैसा भेजेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना बिहार के लोगों को न केवल मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन के जरिए आम नागरिकों के लिए आय का नया स्रोत भी बनेगी। सरकार का मानना है कि यह पहल राज्य में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी।



## विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा और जदयू ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। विधान परिषद की 10 सीटों का चुनाव होना है। इसी बीच शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड ने बिहार विधान परिषद की चार-चार सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने चार उम्मीदवारों को मंजूरी दी है। जारी सूची के अनुसार डॉ. संजय मयूख, भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने इन नामों पर अंतिम सहमति दे दी है। वहीं जदयू ने जिन चार नामों की घोषणा की है इनमें एक सीट पिछड़ा समाज जबकि तीन सीटें अति पिछड़ा समाज के खाते में गई हैं। चार में से दो सीटों पर महिलाओं को मौका दिया गया है। जदयू ने निशांत कुमार के अलावे डॉ भारती मेहता, शिवरानी प्रजापति और ललन प्रसाद को मैदान में उतारा है। निशांत कुमार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र हैं। इस समय बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं। पिछड़ा समाज से आते हैं। वहीं मधुबनी जिले की निवासी डॉ भारती मेहता इस समय जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष हैं। कई वर्षों तक पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता रही हैं। वे नोनिया जाति (अति पिछड़ा समाज) से आती हैं। इसी प्रकार शिवरानी प्रजापति बेतिया में जिला परिषद अध्यक्ष रही हैं। जदयू प्रदेश सचिव एवं प्रदेश महासचिव रह चुकी हैं। वर्ष 2005 से ही विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी संगठन के लिए काम कर रही हैं। वे कुम्हार जाति (अतिपिछड़ा समाज) से आती हैं। वहीं ललन प्रसाद की पहचान वरिष्ठ नेताओं में होती है। वे धानुक जाति (अतिपिछड़ा समाज) से आते हैं। वर्तमान समय में विधानसभा में एनडीए के पास जदयू, भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम और रालोमो को मिलाकर 202 विधायक हैं। इस संख्या के आधार पर एनडीए आसानी से 8 सीटें जीत सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने वाला युवक धराया

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कथित तौर पर धमकी और गाली देने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक ने अमेरीका के प्रेसिडेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर धमकी दी। इसके बाद एटीएस की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गड़ेरिया खंड, वार्ड संख्या-13 निवासी शेहराज आलम उर्फ सोनू आलम के रूप में हुई है।

### डाक सुपरवाइजर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के झाझा में विशेष निगरानी इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डाक सुपरवाइजर अजय कुमार सिंह को छह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार डाक अधिदर्शक अजय कुमार सिंह डाक निरीक्षक कार्यालय में तैनात थे और संग्रामपुर, गिद्धौर एवं सिमुलतला क्षेत्र के शाखा डाकपालों के कार्यों की निगरानी करते थे। इसी दौरान उन्होंने संग्रामपुर के बीपीएम पुरुषोत्तम कुमार से एक काम के बदले छह हजार रुपये की मांग की थी। बीपीएम द्वारा इसकी शिकायत विशेष निगरानी इकाई से की गई जिसके बाद विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने कार्रवाई करते हुए अजय कुमार सिंह को रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### नीट परीक्षार्थियों को सरकारी बस में मुफ्त सफर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नीट परीक्षा देने वाले दिन बिहार के छात्र-छात्राओं का बस भाड़ा नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीट परीक्षार्थियों के लिए सभी सरकारी बसों में मुफ्त सफर का ऐलान किया है। 21 जून को होने वाले नीट परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी बिना टिकट के ही बस का सफर कर सकेंगे। सीएम ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने परीक्षा के सफल, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### रालोमो का राष्ट्रीय महाधिवेशन 13 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया छह जून को संपन्न होगी। इसके बाद राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित राज्य परिषद सदस्यों एवं डेलिगेट्स की बैठक तथा राज्य स्तरीय अधिवेशन सात जून को पटना के रवींद्र भवन में होगा जहां प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। इसी प्रकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए राष्ट्रीय परिषद की बैठक और राष्ट्रीय महाधिवेशन 13 जून को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होगा।

## पटना हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस बनीं मीनाक्षी मदन राय, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय की नई मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजधानी स्थित लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उन्हें शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय ने मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू का स्थान लिया है, जो 4 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। अपने न्यायिक करियर के दौरान न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल, फैमिली कोर्ट जज, एनडीपीएस कोर्ट की न्यायाधीश तथा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश समेत कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी संभाली। उन्हें 15 अप्रैल 2015 को सिक्किम हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। अब उनकी नियुक्ति पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में हुई है, जिससे बिहार की न्यायिक व्यवस्था को उनके व्यापक अनुभव का लाभ मिलेगा।

## शिक्षा विभाग में दस हजार मुकदमे लंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार शिक्षा विभाग में वर्षों से लंबित पड़े मुकदमों के निपटारे को लेकर अब बड़ी पहल शुरू हो गई है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विभाग में फिलहाल कुल 10,145 मुकदमे लंबित हैं, जिनकी समीक्षा और निपटारे की प्रक्रिया तेज करने का फैसला लिया गया है। उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लंबे समय से लंबित मुकदमे विभाग के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इन मामलों के कारण न केवल प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों और आम लोगों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय भी वर्षों से अटके हुए हैं। ऐसे मामलों को अब प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

## रेल मंत्री ने कर्मचारियों और तकनीकी स्टाफ से किया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीधा संवाद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने शकूरबस्ती डिपो में कार्यरत कर्मचारियों, मेंटेनेंस स्टाफ और अन्य रेलकर्मियों से सीधे तौर पर संवाद स्थापित किया। एक बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रेल मंत्री ने कर्मचारियों के अनुभवों को सुना, उनकी पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके दैनिक कार्य में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों व समस्याओं को गहराई से जाना। कर्मचारियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मंत्री ने बिना किसी प्रशासनिक विलंब के मौके पर ही मौजूद वरिष्ठ रेल अधिकारियों को उनकी समस्याओं पर गंभीरता से गौर करने तथा उनके त्वरित और समयबद्ध निवारण के लिए कड़े प्रशासनिक आदेश जारी किए।

## मुजफ्फरपुर अग्निकांड में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : निशांत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में हुए अग्निकांड पर बयान दिया है। वैशाली में उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना दुखद है और प्रभावित परिवारों के लिए यह कठिन समय है। दरअसल जिला प्रभारी और स्वास्थ मंत्री निशांत कुमार बीस सूत्री की बैठक में भाग लेने के लिए वैशाली पहुंचे थे। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद मीडिया से बात करते हुए निशांत ने आग की घटना पर बयान दिया है। निशांत कुमार ने बताया कि घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और डॉक्टर उनके उपचार में लगे हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बीपीएससी 70वीं भर्ती का इंतजार जल्द होगा खत्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। आयोग ने 2035 पदों पर होने वाली नियुक्तियों के लिए इंटरव्यू और मेडिकल जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली है। अब अंतिम परिणाम जून के तीसरे सप्ताह में जारी किया जाएगा। बीपीएससी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस बार 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के तहत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में करीब 2035 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। इसके लिए रिकॉर्ड 5400 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार और मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया गया है। गौरतलब है कि 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2024 और 4 जनवरी 2025 को किया गया था। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने का मौका मिला था। प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले करीब 21 हजार अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 के बीच पटना के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा के परिणाम के बाद सफल उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का इंटरव्यू इस वर्ष जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच आयोजित किया गया। अब इंटरव्यू और मेडिकल प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग अंतिम मेरिट सूची तैयार कर रहा है। ऐसे में हजारों अभ्यर्थियों की नजर अब जून के तीसरे सप्ताह में आने वाले रिजल्ट पर टिकी हुई है। इधर बीपीएससी की 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर भी अभ्यर्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। आयोग के अनुसार 72वीं संयुक्त परीक्षा के लिए कुल 5 लाख 15 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## राज्यसभा चुनाव : दोनों सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी झामुमो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। अब तक महागठबंधन के तहत कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच एक-एक सीट पर उम्मीदवार उतारने की चर्चा चल रही थी लेकिन शुक्रवार को झामुमो विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी ने दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री योगेंद्र प्रसाद और मंत्री हाफिजुल हसन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। कार्यकर्ताओं की भावना को देखते हुए पार्टी ने दोनों सीटों पर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। इधर, कांग्रेस पहले ही प्रणव झा को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं भाजपा भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक समीकरण और दिलचस्प हो गए हैं। यदि प्रमुख दल अलग-अलग उम्मीदवार उतारते हैं तो चुनाव में क्रॉस वोटिंग और राजनीतिक जोड़-तोड़ की चर्चाएं भी तेज हो सकती हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस फैसले से महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर नई स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पिछले कुछ समय से कांग्रेस और झामुमो के बीच कई मुद्दों पर मतभेद की खबरें भी सामने आती रही हैं। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में दोनों दल राज्यसभा चुनाव को लेकर क्या अंतिम रणनीति अपनाते हैं। राज्यसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को पुराना विधानसभा सभागार में कांग्रेस प्रभारी के राजू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पार्टी प्रत्याशी प्रणव झा और कांग्रेस के मंत्री और विधायक शामिल हुए। वहीं मीडिया के सवालों पर प्रभारी के राजू ने कहा कि झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन से इस संदर्भ में बातचीत होगी और गठबंधन में एक सीट कांग्रेस और एक सीट झामुमो के प्रत्याशी की जीत होगी। झारखंड में गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है।



# गैरमजरूआ आम श्रेणी की जमीनों को सरकारी रोक सूची में करें दर्ज

## 15 दिनों में सुधार नहीं दिखा तो होगी कार्रवाई, मंत्री डा. दिलीप जायसवाल ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने समीक्षा के 8वें दिन भोजपुर, मधेपुरा एवं अरवल जिलों के राजस्व कार्यों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि गैर-मजरूआ आम श्रेणी की सभी जमीनों की पहचान कर उन्हें तत्काल सरकारी रोक सूची में दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि जमाबंदी रद्दीकरण के मामलों को भी रोक सूची में शामिल कर सुरक्षित किया जाए तथा इसकी सूची राज्य के निबंधन विभाग को भी उपलब्ध कराई जाए ताकि सरकारी भूमि की अवैध खरीद-बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकारी जमीन से ही जिलों में लैंड बैंक तैयार कर विकास योजनाओं को गति दी जा रही है। ऐसे में सरकारी भूमि की सुरक्षा और संरक्षण में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव जय सिंह ने बताया कि सभी अंचल अधिकारियों के लॉगिन में सरकारी जमीन की प्राथमिक सूची उपलब्ध करा दी गई है। इसकी जांच कर अंतिम सूची उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के बाद संबंधित अधिकारियों से उनके क्षेत्र में कोई सरकारी भूमि छूट नहीं जाने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोक सूची वह सूची है जिसमें खरीद-फरोख्त नहीं की जानेवाली सभी जमीन शामिल है। इसका उद्देश्य सरकारी जमीनों का संरक्षण करना है। मंत्री डॉ. जायसवाल ने अंचलवार रैंकिंग, दाखिल-खारिज, डिफ़ेक्ट चेक, ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, सरकारी भूमि सत्यापन, राजस्व महा अभियान, लोक शिकायत, सहयोग शिविर, किसान पंजीकरण तथा आरसीएमएस के तहत न्यायालयों में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग की सभी सेवाएं पूर्णतः ऑनलाइन हैं और सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएं। ऑफलाइन कार्य करते पकड़े जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ई-मापी की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रत्येक अमीन को प्रति माह 15 से 20 मापी करने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन अधिकांश जिलों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। उन्होंने ई-मापी मामलों में भी 'फर्स्ट इन-फर्स्ट आउट (फीफो)' प्रणाली का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। विभाग में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम की तैनाती का उल्लेख करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि यदि मंत्री और विभागीय अधिकारी ईमानदारी से काम कर रहे हैं तो राजस्व तंत्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूर्ण ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ कर्मियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर विभाग की छवि सुधारना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

## मंत्री के आदेश पर नौ अधिकारियों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार, अनियमितता, कर्तव्यहीनता और विभागीय निर्देशों की अवहेलना के आरोप में बड़ी कार्रवाई की है। एक पदाधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा मंत्री ने की। साथ ही 8 सीओ और राजस्व कर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के स्तर से 5 जून को संचिकाओं पर लिए गए निर्णय के बाद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र गठित करने, विभागीय कार्यवाही संचालित करने, पेंशन कटौती तथा सेवा से बर्खास्तगी की अनुशंसा जैसे कड़े कदम उठाए गए हैं। विभागीय कार्रवाई की सबसे बड़ी मार राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो सोनी कुमारी पर पड़ी है। वर्ष 2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, बार-बार स्पष्टीकरण के बावजूद जवाब नहीं देने और विभागीय कार्यवाही में शामिल नहीं होने के मामले में उनके विरुद्ध सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की गई है। वहीं, सेवानिवृत्त अंचल अधिकारी नवीन भूषण पर दाखिल-खारिज मामलों में फीफो नियम का उल्लंघन, मनमाने ढंग से मामलों का निष्पादन और राजस्व वसूली में लापरवाही के आरोप साबित होने पर एक वर्ष तक पेंशन में 5 प्रतिशत की कटौती का दंड लगाया गया है। मंत्री के निर्देश पर तत्कालीन राजस्व कर्मचारी मोहनपुर, गया राजेश कुमार, तत्कालीन अंचल अधिकारी, बरौली, गोपालगंज प्रशांत कुमार, तत्कालीन अंचल अधिकारी, किशनपुर, सुपौल सुशीला कुमारी और तत्कालीन अंचल अधिकारी महुआ, वैशाली मणि कुमार वर्मा के विरुद्ध भी आरोप पत्र गठित किए गए हैं। इनमें दाखिल-खारिज मामलों में पिक और चूस नीति अपनाने, फीफो नियम का उल्लंघन करने, लंबित मामलों को जानबूझकर रोके रखने, अनाधिकृत अनुपस्थिति, राजस्व महाअभियान में रुचि नहीं लेने तथा विभागीय आदेशों की अवहेलना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

# पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना है जरूरी : डा. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शुक्रवार को बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन स्थित ऑडिटोरियम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खुशीग्राम फाउंडेशन एवं रेडियंस मीडिया के तत्वावधान में बीट द हिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। बढ़ता तापमान, भीषण गर्मी, अनियमित वर्षा, जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति हमें यह संकेत दे रही है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। बीट द हिट का संदेश केवल गर्मी से बचने का संदेश नहीं है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सामूहिक चेतना का संदेश है। यह भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संदेश है। यह संदेश है कि विकास और पर्यावरण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम आज सही दिशा में कदम उठाएँगे, तो आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, हरित और समृद्ध भविष्य दे सकेंगे। अध्यक्ष ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 प्रभात चंद्र गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक ने वृक्ष और तापमान वृद्धि से संबंधित पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रदर्शित किया। बिहार राज्य जैव विविधता परिषद् के अध्यक्ष भारत ज्योति ने पर्यावरण एवं जैवविविधता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, सदस्यगण राजकुमार राय, रोमित कुमार, अनीता, छोटी कुमारी, श्रीमती सोनम रानी, मुख्य वन संरक्षक डॉ0 प्रभात चंद्र गुप्ता, बिहार राज्य जैव विविधता परिषद् के अध्यक्ष भारत ज्योति, पटना जू के निदेशक हेमंत पाटिल आदि उपस्थित थे।

# 2030 तक हर तीसरा वाहन होगा बैट्री आधारित

## बिहार में शुरू हुई इवी क्रांति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में वाहन जनित प्रदूषण को नियंत्रित करने और पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता घटाने के लिए परिवहन विभाग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। विभाग ईवी खरीद और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर भारी अनुदान दे रहा है। राज्य में ईवी वाहनों की संख्या बढ़ने से सालाना 7.5 करोड़ लीटर पेट्रोल-डीजल की खपत कम हो जाएगी, जिससे स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। विभाग के अनुसार, ईवी को आमजन के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए न सिर्फ वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जा रही है। बल्कि चार्जिंग स्टेशन लगवाने पर भी अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत विभिन्न चार्जर की खरीद और इसे लगाने पर 75 हजार रुपये से लेकर अधिकतम 2 लाख 25 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। परिवहन विभाग के आंकलन के अनुसार, राज्य में मौजूद सभी तरह के वाहनों की कुल संख्या में 30 फीसदी वाहन अगर ईवी यानी बैट्री आधारित वाहन हो जाएंगे, तो ईंधन की सालाना बचत 7.50 करोड़ लीटर हो जाएगी।

### चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर

बढ़ती ईवी संख्या को देखते हुए सरकार आम नागरिकों को सुगम चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी में है। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों, पेट्रोल पंपों, होटल-मोटल्स, बस टर्मिनल, व्यावसायिक क्षेत्रों, पार्किंग स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने वाले उद्यमियों और संस्थाओं को आकर्षक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

# ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान अब एक क्लिक पर, जानिए कैसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्री श्रवण कुमार ने कहा कि विभागीय योजनाओं की अब ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समय से पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ मिलेगा और ग्रामीण विकास की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ेगा। श्री कुमार ने यह बातें शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुरू किए गए केंद्रीकृत ग्रामीण योजना अनुश्रवण एवं क्रियाशीलता पर्यवेक्षण प्रणाली (सीजीआरएम)




पोर्टल के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने इस पोर्टल का उद्घाटन रिमोट से किया। विभागीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और दूसरे गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री कुमार ने कहा कि प्रधान सचिव और दूसरे अधिकारियों के प्रयासों का ही परिणाम है कि विभाग ने आज एकीकृत डिजिटल योजना का शुभारंभ किया। इस व्यवस्था से लोगों को राज्य की योजनाओं की जानकारी मिलेंगी और लोग अपनी शिकायतें भी पोर्टल पर दर्ज करा पाएंगे। बताया कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए कार्यालय और उसकी अलग-अलग शाखाओं में चक्कर काटना पड़ता था। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास एक महत्वपूर्ण विभाग है। इसमें गांव के गरीबों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। पूरे देश में बिहार ही एक ऐसा राज्य है जहां आवास योजना में गरीबों को अतिरिक्त लाभ दिया जाता है। भूमिहीनों को जमीन खरीदने, 1996 से पूर्व निर्मित क्षत-विक्षत मकानों के मरम्मतीकरण, पीएम आवास योजना से वंचित लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मुहैया कराने के साथ-साथ दूसरी कई ऐसी योजनाएं यहां संचालित हैं। कुछ राज्यों ने बिहार के पदचिन्हों पर चलते हुए कुछ योजनाओं को अब लागू करना शुरू किया है। श्री कुमार ने बताया कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उन्नयन और उनके विकास की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गरीबों के प्रति संवेदना और उनके अथक प्रयासों से संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व सीएम ने बिहार को अव्वल पांच राज्यों में शामिल करने का संकल्प लिया था।

# विधानसभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तम्बाकू सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

## बिहार विधान सभा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आज बिहार विधान सभा, पटना में तम्बाकू मुक्त बिहार युवा, सरकारी संस्थानों और आध्यात्मिक संगठनों की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तम्बाकू सेवन केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों, आर्थिक परेशानी और सामाजिक चुनौती का कारण है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को तम्बाकू तथा निकोटिन की लत से बचाने के लिए मजबूत कानून, प्रभावी प्रवर्तन, जागरूकता और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। कार्यशाला में बिहार में एग्ठ्ष्ठ 2003 को और प्रभावी




बनाने के लिए राज्य स्तर पर आवश्यक संशोधन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत बताई गई। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की तरह बिहार में भी तम्बाकू नियंत्रण कानून को मजबूत करने से बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को तम्बाकू और निकोटिन की लत से बचाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा अलायंस फॉर टोबैको फ्री बिहार और सोसियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में दीपक मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, सीड्स; डॉ. धीरेन्द्र नारायण सिन्हा, संयोजक, बी.के. संजय भाई, राज्य कार्यक्रम समन्वयक, ब्रह्माकुमारीज सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। प्रतिभागियों ने तम्बाकू मुक्त समाज बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, सत्तारूढ़ दल के माननीय मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया, माननीय सदस्यगण श्री राजकुमार राय, रोमित कुमार, श्रीमती अनीता, छोटी कुमारी, सोनम रानी एवं सभा सचिवालय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े स्वयंसेवक, सीड्स से जुड़े पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मीनाक्षी एम. राय को मुख्य न्यायाधीश बनने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पटना उच्च न्यायालय की 48वीं मुख्य न्यायाधीश तथा इस पद पर नियुक्त होने वाली दूसरी महिला न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय का चयन न्यायपालिका की गौरवशाली परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करेगा। कहा कि न्यायिक क्षेत्र में न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय का व्यापक अनुभव न्याय के प्रभावी प्रशासन, विधि के शासन की मजबूती तथा संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके नेतृत्व में न्यायिक व्यवस्था और अधिक सशक्त तथा जनोन्मुखी बनेगी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने चलाया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, बिहार की ओर से पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित बिहार के निर्माण का संकल्प लिया। पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि वृक्षारोपण



केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृत्व के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम है। इस अभियान के माध्यम से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम में भानु प्रकाश राय, बिरेंद्र चंद्रवंशी, सुजीत राणा, संजय निषाद, अभिषेक यादव, रमन चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, इन्दल चंद्रवंशी, लालाबाबू गुप्ता, मुकेश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद, राजीव रंजन सिंह, सोनी देवी, संतोष पटेल, कुमारी पूजा और उमेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

## संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जननायक कर्पूरी ठाकुर संग्रहालय से हुई, जहां कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद शहीद जगदेव प्रसाद, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबू श्रीकृष्ण सिंह, महात्मा गांधी, शहीद स्मारक, बाबू वीर कुंवर सिंह, शहीद युवा सहनी, मगध सम्राट जरासंध, ज्योतिराव फुले, सावित्रीबाई फुले, बी.पी. मंडल तथा संपूर्ण क्रांति के नायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही




सामाजिक न्याय, समरसता और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ और ओबीसी मोर्चा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें भानु प्रकाश राय, बिरेंद्र चंद्रवंशी, सुजीत कुमार राणा, रमन चंद्रवंशी, संजय निषाद, अभिषेक यादव, इन्दल चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, राजीव रंजन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, कमलेश सिंह चंद्रवंशी, नागेंद्र प्रसाद, विजय प्रकाश सिंह, दीपु सिंह चंद्रवंशी और रामबाबू गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के समक्ष संकल्प लिया कि वे ओबीसी मोर्चा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि महापुरुषों के आदर्श और संघर्ष आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सामाजिक समरसता, विकास और राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए धार्मिक न्यास पर्षद है तत्पर : लेसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद प्रदेश में सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर है। और इसके अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन हमेशा धार्मिक आयोजन करते रहते हैं। लेसी सिंह शुक्रवार को श्री पंचरूपी हनुमान मंदिर न्यास समिति की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कर रही थी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अच्छी पहल है। यह दूषित पर्यावरण से पीढ़ी को बचाने में मदद करता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफ़ेसर रणबीर नंदन ने कहा कि प्रदेश मठ मंदिरों को सामाजिक कार्य से जोड़कर धार्मिक न्यास पर्षद बिहार में एक नयी पहल कर रहा है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद जल्द ही हर जिले में डाक्टरों का पैनल बनाकर मठ मंदिरों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा ताकि हमारे प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि 12 जून 2025 को बिहार धार्मिक न्यास पर्षद का अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने धार्मिक न्यास पर्षद को मठ मंदिरों के झगड़े को निबटाने की जगह को सामाजिक कार्य से जोड़ने का प्रयास किया। मठ मंदिरों को सामाजिक सरोकार से जोड़कर वहां गरीब बच्चों को पढ़ने की निःशुल्क व्यवस्था, गरीब बेटियों के दहेज मुक्त शादी कराने, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन के साथ साथ शराब बंदी को लागू करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया।

## आने वाले महीनों में रुपये के मूल्य में वृद्धि की संभावना दिख रही है : साक्षी गुप्ता

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरबीआई और सरकार ने रुपये पर दबाव कम करने के लिए भारतीय परिसंपत्तियों में पूंजी प्रवाह को बढ़ाने की दिशा में किए गए समन्वित प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इन उपायों में अल्पकालिक समाधानों के साथ-साथ व्यापक संरचनात्मक सुधार भी शामिल थे, जैसे कि जी-सेक में एफपीआई निवेश पर कराधान में परिवर्तन। इन सभी के संयुक्त प्रभाव से वित्त वर्ष 2027 के लिए अनुमानित 40-50 अरब डॉलर के भुगतान संतुलन के अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है।

# मंत्री नंद किशोर राम ने सरकारी आवास पर किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंत्री नंद किशोर राम ने पटना स्थित अपने सरकारी आवास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। पौधारोपण के दौरान नंद किशोर राम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण प्रकृति का संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य संपदा हैं। पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि वर्षा चक्र को संतुलित रखने, भूमि संरक्षण करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना है तो आज से ही व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और



पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। नंद किशोर राम ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा हरित और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से प्रकृति के संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की गई।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज संगठन सृजन अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित है। बैठक के बाबत प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि संगठन सृजन अभियान को लेकर कल जिलाध्यक्षों के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम विस्तृत समीक्षा बैठक और आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

# सासाराम विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने सिविल कोर्ट पहुंच वकीलों से की मुलाकात





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम विधानसभा की विधायक स्नेहलता कुशवाहा शुक्रवार को सिविल कोर्ट, सासाराम पहुंचीं और वहां अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। कोर्ट परिसर पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने कोर्ट परिसर स्थित विभिन्न बार एसोसिएशनों का दौरा कर अधिवक्ताओं से संवाद किया तथा उनकी सुविधाओं और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि पिछले लगभग दो दशकों में पहली बार कोई स्थानीय विधायक उनसे मिलने और उनकी समस्याओं को सुनने कोर्ट परिसर पहुंचा है। विधायक की इस पहल से अधिवक्ताओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। उन्होंने अनुमंडल न्यायालय परिसर के अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की। इससे पूर्व विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत तिलौथू प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने अमरा गांव पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृत रतू कुशवाहा के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद चटनीबीघा निवासी रामसरेखा राम के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। भ्रमण के क्रम में विधायक रकियान बीघा गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने दिवंगत ललन सिंह के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। तिलौथू पूर्वी के मोहन शाह की पत्नी तथा विक्रमबीघा निवासी सुरेश कुशवाहा के पुत्र की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने सभी शोकाकुल परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करती हैं।

## एआई क्षमता निर्माण कार्यशाला में रोहतास के उद्योग महाप्रबंधक आशीष रंजन सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा शुक्रवार को पटना में "बिहार में औद्योगिक विकास, सुशासन एवं व्यापार सुगमता के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का लाभ उठाना" विषय पर एआई क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राज्यभर के उद्योग विभाग के पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के सचिव ने रोहतास जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशीष रंजन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। उन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 में निवेश संवर्धन, उद्यमिता विकास, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जिले में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

# मधुमेह पर गंभीर मंथन के लिए जमुहार में जुटेंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारतीय मधुमेह अध्ययन अनुसंधान समाज आर.एस.एस.डी.आई. के बिहार अध्याय की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के संयोजन में आज से शुरू हो रहा है। आर.एस.एस.डी.आई. बिहारकॉन- एम.टी. 2026 का भव्य आयोजन 6 एवं 7 जून 2026 को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देवमंगल सभागार में आयोजित किया जाएगा जिसकी मेजबानी नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल करेगा। मधुमेह की यथार्थता आधारित चिकित्सा में अंतर को कम करने के विषय पर आधारित यह सम्मेलन मधुमेह चिकित्सा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य

**बिहारकॉन 2026**

मधुमेह उपचार के क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति, आणविक अनुसंधान, व्यक्तिगत चिकित्सा, आधुनिक औषधि उपचार तथा प्रौद्योगिकी के माध्यम से चिकित्सकों, शोधकर्ताओं एवं स्नातकोत्तर छात्रों को एकीकृत मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में एपीजेनेटिक्स, मोनोजेनिक मधुमेह, आंत्र माइक्रोबायोम, ट्राइजिपटाइड, साप्ताहिक इंसुलिन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक विषयों पर विस्तृत वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पहले दिन यथार्थता एवं आणविक चिकित्सा, कार्डियो- रेनल- मेटाबोलिक विषय पर सत्र आयोजित होंगे जबकि दूसरे दिन मधुमेह जटिलताओं एवं क्लिनिकल प्रैक्टिस पर विशेष सत्र आयोजित होंगे। आयोजन सचिव डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन बिहार सहित समग्र पूर्वी भारत के मधुमेह चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञानवर्धन एवं नवाचार का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा। इस आयोजन में राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव डॉ राकेश पारिख, पूर्वी जोन समिति के सदस्य डॉ बी.के. सिंह, बिहार के अध्यक्ष डॉ शैबाल गुहा, बिहार के सचिव डॉ विजय कुमार की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जीतेन्द्र कुमार, सचिव डॉ महेंद्र प्रताप तथा सह सचिव डॉ अभिषेक कमेन्दु होंगे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के लगभग 100 वरीय चिकित्सक भाग लेंगे जबकि 150 से 200 प्रतिभागी तथा लगभग 100 चिकित्सा स्नातकोत्तर छात्र भाग लेंगे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं नारायण नर्सिंग कॉलेज की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित भविष्य तथा प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जगदीश सिंह ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में कुलाधिपति के सलाहकार डॉ. महेंद्र सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. कुमार आलोक प्रताप सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ शिक्षकों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक वेदांत कुमार प्रजापति तथा एनसीसी अधिकारी डॉ. मयंक कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कृषि संकाय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. धनंजय तिवारी एवं संदीप कुमार तथा फार्मेसी संकाय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी आयुष कटियान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी क्रम में नारायण नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान में भी पर्यावरण संरक्षण विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. के. लता एवं उप-प्राचार्या डॉ. श्वेता शर्मा के निर्देशन में पौधारोपण के साथ-साथ जागरूकता व्याख्यान और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी समीर कुमार सिंह एवं पुलिस निरीक्षक डेहरी अंचल शेर सिंह यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि "पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।" उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। अधिकारियों ने केंद्र सरकार के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम अपनी मां का सम्मान, संरक्षण और सेवा करते हैं, उसी प्रकार पेड़ों की रक्षा और देखभाल करना भी हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण, नियमित देखभाल और सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। प्रशिक्षु डीएसपी समीर कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और संतुलित जलवायु के लिए वृक्षों का होना जरूरी है। वृक्षारोपण जैसे अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# तिलौथू इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय बना मॉडल स्कूल, प्रधानाध्यापक डॉ. मैकू राम होंगे राज्य स्तर पर सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के लिए गर्व और सम्मान की बड़ी खबर सामने आई है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विद्यालय के समग्र विकास को देखते हुए इंटर स्तरीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू का चयन राज्य सरकार द्वारा मॉडल स्कूल के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. मैकू राम के नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुशासन, आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों से प्रभावित होकर राज्य सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बताया जाता है कि पूर्व में चयनित इंद्रपुरी उच्च विद्यालय के स्थान पर तिलौथू विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा प्रदान किया गया है। बिहार में यह पहला अवसर माना जा रहा है जब किसी चयनित मॉडल स्कूल के स्थान पर दूसरे विद्यालय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। विद्यालय की इस उपलब्धि को पूरे तिलौथू क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय ने अपनी कार्यशैली और शैक्षणिक उपलब्धियों के बल पर राज्य स्तर पर विशेष पहचान बनाई है। इसी क्रम में जुलाई माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में बिहार के 13 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस सूची में इंटर स्तरीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू के प्रधानाध्यापक डॉ. मैकू राम का नाम भी शामिल है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. मैकू राम ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित किसी विद्यालय का मॉडल स्कूल के रूप में चयनित होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डीबीएफ कल्याणपुर ने किया पौधारोपण, 100 पौधे लगाए




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बंजारी (रोहतास)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डीबीएफ कल्याणपुर द्वारा बकनौरा ग्राम पंचायत में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सागौन, कटहल, आम और शीशम के कुल 100 पौधे लगाए गए। इस अभियान में करीब 120 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने परिवारों में कम से कम पांच पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। बकनौरा पंचायत की मुखिया संजू देवी और पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। डीबीएफ कल्याणपुर के यूनिट हेड आशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। डीबीएफ हरित वातावरण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। वहीं, संजय झा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने की अपील की।

# व्यवहार न्यायालय डिहरी परिसर में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय, डिहरी परिसर में न्यायिक पदाधिकारियों, वन विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संदेश देना था। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और लोगों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील की। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डिहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार 'अज्ञानी', महासचिव रितेश कुमार, अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) including GST@ 18% | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 241/PR/JUSNL/2026-27 | Roof treatment and R/M of Plinth Protection of Control Room Building at 132/33 kV GSS, Daltonganj. | Rs. 1476/- | Rs. 12,000/- |
| 2. | 242/PR/JUSNL/2026-27 | Procurement of long rod polymer insulator for 220kV D/C Daltonganj (PGCIL)- Bhagodih Transmission line under TSD Bhagodih. | Rs. 1476/- | Rs. 15,000/- |
| 3. | 243/PR/JUSNL/2026-27 | Construction of Guard room with main entrance gate at colony campus of Transmission Zone- IV, Medininagar. | Rs. 886/- | Rs. 10,000/- |
| 4. | 244/PR/JUSNL/2026-27 | Procurement of long rod polymer insulator for 132kV Transmission line under TSD Garhwa Road. | Rs. 1476/- | Rs. 14,000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **06.06.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **27.06.2026** at 03:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **27.06.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **29.06.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602/ 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 381598 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)26-27*D

Sd/-
General Manager
Transmission Zone- IV, Medininagar


# गरीब बेटी की शादी में बसपा नेता संतोष कुमार बने सहारा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी एवं सासाराम लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संतोष कुमार ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग कर सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की है। उनकी इस पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरछ गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार भास्कर की पुत्री कुमारी अंजू का विवाह आगामी 7 जून 2026 को निर्धारित है। आर्थिक तंगी के कारण परिवार विवाह की तैयारियों को लेकर परेशान था। कई स्तरों पर सहयोग की अपेक्षा के बावजूद अपेक्षित सहायता नहीं मिल पा रही थी। इसी बीच जब परिवार की स्थिति की जानकारी बसपा नेता संतोष कुमार को मिली तो उन्होंने आगे बढ़कर एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनके इस सहयोग से परिवार को बड़ी राहत मिली और विवाह की तैयारियों को गति मिली।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 353450 District (25-26)_D है को क्रमांक 8 में अंकित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 381647 (Building)26-27*D


# थानों में बेहतर व्यवहार और त्वरित न्याय पर विशेष प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार के निर्देश पर आम जनता की शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण को लेकर डेहरी पुलिस लाइन में जिले के थाना प्रभारियों एवं अनुसंधानकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षण डीएसपी समीर कुमार सिंह तथा डिहरी अंचल पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि थानों में आने वाले फरियादियों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को बताया गया कि जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज करना आवश्यक हो, उनमें तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर शीघ्र एफआईआर दर्ज की जाए। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि बिना पर्याप्त साक्ष्य के किसी भी आवेदन पर जल्दबाजी में प्राथमिकी दर्ज न की जाए। पहले मामले की गहन जांच की जाएगी और आरोपों की पुष्टि होने पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच के दौरान आरोपों के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलते हैं तो संबंधित मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इससे झूठे एवं बेबुनियाद मामलों पर अंकुश लगेगा तथा निर्दोष लोगों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि कोई भी नागरिक किसी भी थाना में जाकर अपनी शिकायत या प्राथमिकी दर्ज करा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना तथा वास्तविक पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है।


**SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD., PATNA**
Govt. of Bihar
(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)
**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**NIT No. 52 /PR/SBPDCL/2026**
**(Through e - procurement mode only - www.eproc2.bihar.gov.in)**

Online e-Tender is invited by Chief Engineer (Civil), SBPDCL from eligible and experienced Agency/ Firm/Company/State or Central Govt. Undertaking who have necessary experience, for the work mentioned below--

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | E.M.D. | Cost of BOQ | Bid Processing Fee | Completion time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| RE-TENDER | | | | | | |
| 1. | Construction of two nos. of additional open shed (50'x30') at central store Aurangabad. | Rs. 48,78,610/- | Rs. 97,572/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 4 Months |
| 2. | Provision of approach road for TRW Barun, Aurangabad | Rs. 37,13,632/- | Rs. 74,273/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 3 Months |
| 3. | Re-construction of boundary wall with painting, barbed wire and soil filling at 33/11kV PSS Bhuwalpur, Kahalgaon, Bhagalpur. | Rs. 25,47,790/- | Rs. 50,956/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 3 Months |

| | |
|---|---|
| BOQ sale start Date | 18.06.26 through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| Date of pre bid meeting | 19.06.26 |
| Period of Sale of Tender documents up to: | 23.06.26(up to 1:00 P.M.) through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| Online receipt of tender up to:- | 24.06.26(up to 3:00 PM ) EMD, Bid processing fee and cost of BOQ to be paid through online mode i.e. internet payment gateway (Credit/debit), Net banking, NEFT/RTGS to BSEDC, Patna before last date and time of opening of Technical Part. |
| Date of opening of Technical Part: | On 24.06.26 after 3:30 PM |
| Date of opening of Price Part: | To be notified after Technical Bid Evaluation ( www.eproc2.bihar.gov.in ) |

PR- 005082 (B & C) 2026-27

Chief Engineer (Civil)

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Work Department Works Division Daltonganj**
**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-01/2026-27 (3rd Call)**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 08.06.26 at 10:30 hrs. to 18.06.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 20.06.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD)/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials/ Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured/produced/procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj.

**Address for Communication :-**
Executive Engineer Rural Works Department Works Div. Daltonganj
Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098 e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

Executive Engineer
R.W.D. Works Div.
Daltonganj

PR 381605 Rural Development(26-27)D

# तीन साइबर ठग गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 39,300 रुपये नकद तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जून को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक संगठित तरीके से साइबर ठगी के धंधे में संलिप्त हैं। सूचना के सत्यापन के बाद गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को धर दबोचा। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अपराधी विभिन्न कंपनियों के नाम पर लोगों को फोन कर झांसा देते थे। वे ग्राहकों के मोबाइल नंबर और अन्य व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कर उन्हें लालच देकर ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपियों के मोबाइल फोन से कई संदिग्ध डेटा और संपर्क विवरण भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास कुमार (30 वर्ष), अजय कुमार (21 वर्ष) तथा नितेश कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई को नवादा पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता की सराहना की है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध फोन कॉल, लिंक या लालच भरे प्रस्ताव से सतर्क रहें तथा साइबर ठगी की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# शॉर्ट सर्किट से मोबाइल दुकान में लगी आग, पांच लाख की संपत्ति राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**नवादा।** गया-नवादा रोड स्थित नकटी पुल के समीप शुक्रवार संध्या करीब 6 बजे एक मोबाइल शॉप में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की इस घटना में दुकान में रखा नगद, मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार रविशंकर कुमार ने लगभग 5 लाख रुपये के आर्थिक नुकसान की बात कही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही आसपास के दुकानदारों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बंद कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। टीम की तत्परता से आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की दुकानों को नुकसान होने से बचाया जा सका। दुकानदार रविशंकर कुमार ने बताया कि आग में करीब 2 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, प्रिंटर तथा सैमसंग और वीवो कंपनी के दर्जनों नए मोबाइल फोन जल गए। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में आधार कार्ड के माध्यम से जमा-निकासी का कार्य भी किया जाता था। गल्ले में रखे 500-500 रुपये के नोट भी आग की चपेट में आकर जल गए। घटना के बाद फायर ब्रिगेड टीम ने जले हुए नोटों और क्षतिग्रस्त सामानों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए नोटों को बैंक की प्रक्रिया के माध्यम से बदलवाने का प्रयास किया जा सकता है। दुकानदार ने फायर ब्रिगेड अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपते हुए जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग तथा बिजली विभाग से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

# विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन 7 जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**बिहारशरीफ।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिटनेस, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु आर बी हाई स्कूल नालंदा में प्रातः छः बजे साइकिल रैली एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन नालन्दा , फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेलो इंडिया सेंटर रगवी नालंदा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रहेगी। आयोजन का उद्देश्य साइकिलिंग को




एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल एवं किफायती परिवहन माध्यम के रूप में बढ़ावा देना तथा लोगों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। सभी खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की परंपरा निभा रहा है जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**बिहारशरीफ।** बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा घोषित उम्मीदवारों को लेकर नालंदा जिला जदयू इकाई ने खुशी जताई है। पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि युवा वर्ग के बीच निशांत कुमार, जिला परिषद सदस्य ललन मंडल, महिला जदयू की प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता तथा शिवरानी देवी प्रजापति को उम्मीदवार बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिला जदयू नेताओं ने इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार सहित सभी विधायकों और विधान पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया। नेताओं ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) हमेशा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान और अवसर देने का काम करती रही है। उम्मीदवारों के चयन में जहां युवा नेतृत्व को प्राथमिकता दी गई है, वहीं पार्टी के स्थापना काल से सक्रिय साधारण कार्यकर्ताओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे राज्यभर के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है तथा वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ए कार्यों के कारण बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। नेताओं ने कहा कि न्याय के साथ विकास और सुशासन का मॉडल आज अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बन चुका है। जदयू नेताओं ने सभी नवचयनित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष मो. अरशद, वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, गुलरेज अंसारी, धीरज पटेल, जनार्दन पंडित, अजय चंद्रवंशी, संजय पासवान, संजीत यादव, प्रीतम राज उर्फ सन्नी पटेल, राहुल कुशवाहा, अरविंद पटेल, धर्मवीर राउत, जयराम सिंह, संजयकांत सिन्हा, रविकांत कुमार, मुन्ना कुमार, सुनील रविदास, निरंजना गुप्ता, मुकेश सिंह, धनंजय प्रसाद कुशवाहा, संजय कुशवाहा, डॉ. वसुंधरा कुमारी, शैलेन्द्र गराई, डॉ. सुनील दत्त, राकेश कुमार, रंजीत कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बरगद का रोपण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**नवादा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नवादा गांधी इंटर विद्यालय मैदान में मॉर्निंग ग्रुप के सम्मानित सदस्यों के साथ बरगद का पौधा रोपित किया गया। पौधे के संरक्षण एवं सुरक्षित विकास के लिए उसे बांस की चाली से संरक्षित भी किया गया। इस अवसर पर मॉर्निंग ग्रुप सदस्य सह भाजपा नेता अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

श्री गुप्ता ने कहा, "पेड़ केवल हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण का आधार भी हैं। यदि हम आज प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। प्रत्येक नागरिक को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना चाहिए।"

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान "एक पेड़ मां के नाम" का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर अधिकाधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मॉर्निंग ग्रुप सदस्य अरविंद गुप्ता, मंटू प्रसाद, गुड्डू कुमार, मनोज पचड़ा, सत्येंद्र प्रसाद, रंजीत प्रसाद सहित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा "हरित भारत, समृद्ध भारत" के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दोहराया।

# जिला पदाधिकारी ने किया पौधारोपण, जन-जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**नवादा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑफिसर कॉलोनी स्थित हरित वाटिका पार्क में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण के विस्तार एवं सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपने सामाजिक दायित्व के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा



स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करेगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कृष्णा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में लगभग 05 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय पहचान-पत्र (आई-कार्ड) के माध्यम से वन विभाग के कार्यालय से दो-दो पौधे प्राप्त कर उनका रोपण कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों पर कम-से-कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, अंचलाधिकारी नवादा सदर विकेश कुमार, वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नालंदा कॉलेज में पौधारोपण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**बिहारशरीफ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया तथा छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज कुमार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुनीता सिन्हा द्वारा पौधारोपण कर किया गया। परिसर के विभिन्न स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। उपस्थित शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज कुमार ने कहा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दे और प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए। प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व के आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से पौधे लगाएंगे, जल एवं ऊर्जा का संरक्षण करेंगे तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो रघुनाथ प्रसाद कच्छवे, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सर्वदमन कश्यप, डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, विनय कुमार, जितेंद्र कुमार सहित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की चल रही व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्नातक पार्ट- वन की परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज कुमार ने नालंदा कॉलेज परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन, कदाचारमुक्त वातावरण, परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा नियंत्रक ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, वीक्षण कार्य तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

# लोक शिकायत निवारण के 14 मामलों की डीएम ने की सुनवाई



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में शुक्रवार को 14 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कई मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ शिकायतों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया था। शेष मामलों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए गए। सुनवाई के दौरान परिवादी विमलेश कुमार की हल्का कर्मचारी पर कार्रवाई से संबंधित शिकायत, रविन्द्र प्रसाद की रास्ता अवरुद्ध होने की शिकायत, सर्वोत्तम कुमार की भूमि परिमार्जन संबंधी शिकायत, राजेश सिंह की तार पोल बोरिंग तक पहुंचाने की शिकायत, मृत्युंजय कुमार की अतिक्रमण हटाने की शिकायत, मनोज कुमार की जमाबंदी संबंधी शिकायत, आशुतोष सिंह की जमाबंदी संशोधन की शिकायत, घनश्याम यादव की आवेदन पर कार्रवाई नहीं होने की शिकायत, मनीष कुमार की सड़क एवं नाली निर्माण की शिकायत, अमित कुमार की अतिक्रमण संबंधी शिकायत तथा रामनरेश सिंह की परिमार्जन संबंधी शिकायत का निष्पादन किया गया।

# नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्यशाला

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बिहारशरीफ नगर निगम की महापौर की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त, जनप्रतिनिधि, उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी तथा नगर निगम के कर्मी उपस्थित रहे। कार्यशाला में सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 5 जून से 12 जून 2026 तक जागरूकता अभियान (सेंसिटाइजेशन कैंपेन) चलाया जाएगा। इसके तहत घरों से निकलने वाले कचरे का चार भागों में पृथक्कीकरण सुनिश्चित करने के लिए वार्ड स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लंबे समय से जमा कचरे का बायो-रिमेडिएशन कराया जाएगा तथा कचरे के पृथक्कीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

# नूतन उन्नति फाउंडेशन ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**नवादा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर महिलाओं के उत्थान को समर्पित नवादा के एकमात्र नूतन उन्नति फाउंडेशन के द्वारा संकट मोचन मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा साथ ही साथ हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान देना था। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नूतन बिहारी ने बताया कि ने कहा



कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्षों की देखभाल करना भी अत्यंत आवश्यक है। असंतुलित भौतिक विकास के दुष्परिणामों से बचने एवं मानव सभ्यता को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना समय की मांग है। राखी बरनवाल ने कहा कि वृक्षों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना अधूरी है तथा एक वृक्ष का पालन-पोषण करना अनेक श्रेष्ठ एवं पुण्य कार्यों के समान है। उन्होंने यह भी कहा कि नूतन उन्नति फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण अभियान में हर संभव योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सभी पदाधिकारी गण ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। मौके पर राखी बरनवाल, राखी गुप्ता, सोनी, बबीता, तरुण चौरसिया, बंटी सिंह, अर्चना, पुनीता, अंजू बबली, डॉ बिन्नी हेमलता, ममता, प्रियंका, पूनम, पुनीता, सुमन, तान्या, ममता ,अलीशा, अंजू, भवानी, पूनम गुप्ता, रीना वर्मा, संगीता देवी, सविता, स्नेहा, सुषमा, अर्पणा एवं वीणा के साथ साथ सभी पदाधिकारी गण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### करंट लगने से युवक की मौत

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पावापुरी गोबरैया गांव निवासी गांगलू मांझी के 32 वर्षीय पुत्र मसूदन मांझी की करंट लगने से शुक्रवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मसूदन मांझी गांव के बधार स्थित बोरिंग मशीन पर स्नान करने गए थे। इसी दौरान वे विद्युत धारा प्रवाहित एक तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पीएचसी कौआकोल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

### हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव में हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के दक्षिण स्थित मिथिलेश यादव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान घर की दीवार तोड़ दी गई तथा घर में रखे गेहूं, चावल और मसूर के बोरे पूरी तरह बर्बाद हो गए। पीड़ित के अनुसार इस घटना में लगभग 50 हजार रुपये से अधिक की क्षति हुई है। हाथियों के झुंड ने आसपास के खेतों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। श्रवण मिस्त्री की लगभग एक बीघा में लगी मूंग की फसल को पूरी तरह रौंद दिया गया। वहीं राजू यादव के खेत में लगी सब्जी की खेती को भी हाथियों द्वारा नष्ट कर दी गई। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य नोमिन्ता कुमारी एवं समाजसेवी शिक्षक अरुण कुमार समेत प्रभावित किसानों ने वन विभाग एवं प्रशासन से क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा देने तथा हाथियों के आतंक से सुरक्षा की मांग की है।

### युवा दुकानदार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल बाजार स्थित फैशन पॉइंट कपड़ा दुकान के संचालक एवं मधुरापुर गांव निवासी युवा व्यवसायी दीपक कुमार के आकस्मिक निधन पर गुरुवार की देर शाम कौआकोल बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत दीपक कुमार की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर बाजार विकास समिति के अध्यक्ष राहुल शुक्ला समेत देवराज उर्फ राकेश बर्णवाल, पंकज कुमार, दिलीप साव, गुलशन कुमार एवं अन्य व्यवसायी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दीपक कुमार के असामयिक निधन को बाजार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### धमनी में लोक संवाद गोष्ठी आज

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। गोष्ठी को सफल बनाने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। लोक संवाद गोष्ठी में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार खुद मैदान में उतरे हैं। उनके द्वारा ई-रिक्शा पर माइकिंग के जरिए पंचायत के विभिन्न गांवों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। माइकिंग से लोगों को गोष्ठी में शामिल होने और अपनी समस्याएं रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लोक संवाद गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। इसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस पदाधिकारियों के सामने रख सकेंगे। जमीन विवाद, शराब, नशाखोरी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मौके पर ही समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने कहा कि लोक संवाद गोष्ठी से पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम होगी। जनसहयोग से ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने धमनी पंचायत के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि शनिवार शाम 4 बजे राजकीय मध्य विद्यालय पहुंचकर गोष्ठी को सफल बनाएं और क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाएं। पुलिस की इस पहल को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह है। लोगों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम से प्रशासन तक सीधे अपनी बात पहुंचाने का मौका मिलता है।

### डीड राइटर नंद किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन से शोक की लहर

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा के वरिष्ठ डीड राइटर नंद किशोर प्रसाद सिन्हा का बीती रात हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही जिले के अधिवक्ताओं, डीड राइटरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि नंद किशोर प्रसाद सिन्हा लंबे समय से डीड राइटर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और कार्य के प्रति निष्ठा के कारण वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से नवादा के विधिक एवं सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद , एमएलसी अशोक यादव भी उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया । शोक व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता, डीड राइटर संघ के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### पेंशनरों ने पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

**नारदीगंज (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेंशनर भवन में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति प्रवीण कुमार ने की उन्होंने कहा पर्यावरण का उद्देश्य है कि अनोखे जीवन का पालन पोषण करने वाली प्रकृति को सुरक्षित रखना है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी सिर्फ सरकार व निजी संस्थानों की नहीं है बल्कि पूरे समाज की है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपने अपने घरों में तुलसी का पौधा भी अवश्य लगाएं। सभी पेंशनरों ने संकल्प लिया कि हम लोग अवश्य पेड़ लगाकर अपने आसपास के पर्यावरण को ऑक्सीजन युक्त बनाकर रखेंगे। जिससे जीने में कोई दिक्कत नहीं हो सके। प्रकृति के उपहार को व अपने ग्रह को बचाने हेतु भारत सरकार ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूक कर रही है। जल जीवन तथा पेड़ पौधे लगाने हेतु प्रोत्साहित कर रही है। आज मानव की लोभी प्रवृत्ति ने मनुष्य में सच्चे मित्र पर्यावरण को शत्रुता पर उतरने पर विवश कर दिया है। कहा गया आज हमें न तो स्वच्छ जल व स्वच्छ हवा मिल पा रही है। यही नहीं प्रदूषण से कई प्रकार के गंभीर बीमारियों से मानव समुदाय ग्रसित होते जा रहे हैं। जिसकी कोई उचित दवा नहीं बन रही है। विश्वस्तरीय लोग पॉलिथीन का प्रयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। जो अपने जीवन को मौत के पास लाने में बाज नहीं आ रहे हैं । यह विश्वस्तरीय चिंतन का विषय है। जलवायु प्रदूषण विश्व के सभी राष्ट्रों को सोचने हेतु मजबूर कर रहा है। जो गंभीर चिंता का विषय है। मौके पर बलिराम प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह यमुना सिंह, कैलाश प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, भुनेश्वर सिंह, झूलन सिंह, लाला प्रसाद, सियाशरण दास,नरेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### हिलसा व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधारोपण

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हिलसा व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों एवं न्यायालय कर्मियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अनुमंडलीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं और स्वच्छ वायु प्रदान करने के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से विश्व पर्यावरण दिवस पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। प्रभारी सचिव सह अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी बंदना मधुकर ने कहा कि पौधे बच्चों की तरह होते हैं, जिनकी देखभाल से वे बड़े होकर समाज को स्वच्छ वायु, फल, लकड़ी तथा अन्य उपयोगी संसाधन प्रदान करते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बोधगया में सशस्त्र सीमा बल ने किया वृक्षारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया द्वारा प्रोजेक्ट 10+2 कन्या उच्च विद्यालय, बोधगया परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), सशस्त्र सीमा बल, गया के उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र रहे। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट राजेन्द्र भारद्वाज, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), सशस्त्र सीमा बल, गया के द्वितीय कमान अधिकारी अंजय कुमार रजक तथा प्रोजेक्ट 10+2 कन्या उच्च विद्यालय, बोधगया के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रक मुख्यालय एवं 29वीं वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, बलकर्मी, विद्यालय के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, छाया और प्राकृतिक संसाधनों का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।




## मूंग के खेत में पशु चराने के विवाद में मारपीट, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में मूंग के खेत में पशु चराने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में आंती थाना में कांड संख्या 66/26 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने शुक्रवार को बताया कि नरसिंहपुर गांव निवासी अंछी देवी, पति डोमन यादव, के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में मुनारिक यादव, रोहित कुमार, बसंती देवी तथा रोहित कुमार की पत्नी को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, मूंग के खेत में पशु चरने का विरोध करने पर विवाद उत्पन्न हुआ, जिसके बाद आरोपियों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## 'प्रकृति-राग' के कवि थे आचार्य कलक्टर सिंह 'केसरी'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रकृति के मुग्धकारी रूप और सुषमा को काव्य में पिरोनेवाले कृतात्मा कवि थे कलक्टर सिंह 'केसरी'। वे पिछली पीढ़ी के एक ऐसे कवि और विद्वान आचार्य हैं जिन्हें 'प्रकृति-राग' का अमर गायक माना जाता है। आधुनिक हिन्दी के काव्य-इतिहास में केसरी जी छायावाद और उत्तर-छायावाद के मिलन-बिन्दु हैं। उनके मनोहारी काव्य में, इन दोनों ही युगों की मधुरतम झंकार सुनाई देती है। वे एक सम्मोहक कवि ही नही, एक महान शिक्षाविद, साहित्यिक-सांस्कृतिक महोत्सवों के यशस्वी संयोजक-आयोजक और हिन्दी भाषा और साहित्य के कीर्तिशेष उन्नायक भी थे।

यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि केसरी जी ने समस्तीपुर महाविद्यालय के संस्थापक-प्राचार्य और विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य और फिर अध्यक्ष के रूप में अपनी प्रशासकीय निपुणता का भी परिचय दिया। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भी दो बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वे सच्चे अर्थों में हिन्दी साहित्य के विशाल मंदिर के दिप्तिमान 'स्वर्ण-कलश' हैं, जिन पर बिहार को सदा गौरव रहेगा। राँची विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि केसरी जी का साहित्यिक और शैक्षणिक अवदान अविस्मरणीय है। उनके छंदोबद्ध मर्म-स्पर्शी गीत नए कवियों के मार्ग-दर्शक हैं। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सदानन्द प्रसाद, बाँके बिहारी साव, डा रणजीत कुमार, इंदु भूषण सहाय, चंदा मिश्र, सुनीता रंजन, प्रवीर कुमार पंकज, मनोज रंजन कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बरगद के पेड़ का मनाया गया दसवां जन्मोत्सव

**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दस वर्ष पूर्व लगाए गए बरगद के पेड़ का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पेड़ के संरक्षण और संवर्धन के संदेश के साथ केक काटकर बरगद के पेड़ की दसवीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति



और पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। पेड़ों का संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण वर्तमान समय की आवश्यकता है। क्रीड़ा मंच के समाजसेवी संतोष कुमार छोटे ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य का आधार हैं। पेड़ों के बिना स्वच्छ वायु, संतुलित जलवायु और स्वस्थ पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने पेड़ों के महत्व पर चर्चा करते हुए हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

### एसआईआर को लेकर झामुमो सक्रिय, एक भी मतदाता न छूटेः संजय सिंह

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शुक्रवार को सर्किट हाउस, गिरिडीह में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिले में एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए-2 को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर घर-घर जाकर मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड एवं नगर कमेटियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलए-2 की बैठक शीघ्र आयोजित करने को कहा गया बैठक में बताया गया कि बीएलए-2 अपने संबंधित बूथों के बीएलओ से संपर्क कर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्राप्त करें तथा नाम, पता एवं अन्य दस्तावेजों में मौजूद त्रुटियों को दूर कराने के लिए मतदाताओं से संपर्क करें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ और बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा दोनों को मिलकर घर-घर जाकर मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करना होगा जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि दो माह तक चलने वाले इस अभियान में सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करना होगा। जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पु और शाहनवाज अंसारी ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की सहायता के लिए झामुमो कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं तथा दस्तावेज संबंधी त्रुटियों के निराकरण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि आगामी 14 जून को जिले के सभी 2,586 बूथों के बीएलए-2 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पूर्व सभी प्रखंडों एवं नगर निगम क्षेत्र में बीएलए-2 के साथ बैठकें आयोजित करने का निर्देश जारी किया गया है बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य दिलीप मंडल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन, जिला उपाध्यक्ष नूर अहमद, महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी, दिलीप रजक, राकेश कुमार सिंह, मोनू सिंह, प्रमिला कुमारी, प्रधान मुर्मू, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय कुमार, रौशन झा, शब्बीर अंसारी, भैरव वर्मा, मेहताब मिर्जा, प्रकाश यादव समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर परिषद परिसर में पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शेरघाटी नगर परिषद द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी, दीनानाथ पांडेय सहित कई वार्ड सदस्यों ने भाग लेकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर नगर परिषद परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी ने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड सदस्यों ने भी शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।



## मारपीट मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना पुलिस ने मारपीट से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सोहराब अली ने बताया कि कोंच थाना कांड संख्या 143/26 के अभियुक्त सुखेंद्र कुमार, निवासी केशरू बिगहा, को एएसआई सुरेश कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया। इसके अलावा कोंच थाना कांड संख्या 152/26 में नामजद अभियुक्त चंद्रदेव यादव, पिंटू कुमार तथा श्रीकांत कुमार उर्फ सियाराम कुमार, सभी निवासी बथानी टोला चिरई बिगहा, को एसआई संजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर शेरघाटी न्यायालय परिसर में पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, शेरघाटी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी लवकुश कुमार ने की। इस दौरान न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

वन विभाग एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लवकुश कुमार ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष काजिम खान ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देने के लिए सभी को योगदान देना होगा। कार्यक्रम की शुरूआत रेंज ऑफिसर नीतिशकेत कुमार ने सभी पदाधिकारियों को पौधे देकर की। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसबी कैंपस में राजद कार्यकताओं ने किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोंच स्थित एसएसबी कैंपस परिसर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकताओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण तथा हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेता सुजीत यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहने, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी निभाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है और प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में योगदान देना चाहिए। मौके पर राजद युवा नेता दिलीप कुमार दिलेर, पूर्व मुखिया रामजीवन पासवान, मीडिया प्रभारी अरुण यादव, दीपक कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर परसावां पंचायत में पौधारोपण व स्वच्छता का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोंच प्रखंड की परसावां पंचायत स्थित पंचायत कार्यालय में मुखिया दिलीप कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और पौधारोपण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने गांव, टोला, गली एवं मुहल्लों को स्वच्छ रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है, जिससे वायुमंडल स्वच्छ रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक कुमार झा सहित पंचायत के स्वच्छताकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह के अंत में सभी लोगों ने यह शपथ ली कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा प्रत्येक पारिवारिक उत्सव एवं विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोंच प्रखंड की ग्राम पंचायत काबर स्थित कचरा संग्रहण केंद्र परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। जिला पार्षद पति सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है। पौधारोपण के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी संदेश दिया गया। मौके पर मुखिया सुमंती देवी, महेश यादव, राजबलम यादव, नौलेश यादव, अखिलेश दास सहित अन्य स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।



## तिलैया डैम को मिलेगी नई पहचान, इको पार्क निर्माण को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** तिलैया डैम के बेन्दगी पोडैया क्षेत्र में पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वन विभाग की इको टूरिज्म योजना के अंतर्गत यहां आधुनिक इको पार्क के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना पर लगभग 6.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना को मंजूरी दिलाने के लिए उन्होंने विधानसभा में लगातार पहल की थी। उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) मौन प्रकाश के प्रयासों की भी सराहना की। विधायक के अनुसार, परियोजना का उद्देश्य तिलैया डैम को राज्य के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में विकसित करना है। प्रस्तावित इको पार्क में पर्यटकों की सुविधा के लिए डाइनिंग हॉल, बोटिंग की व्यवस्था और एक आधुनिक एम्फी थिएटर का निर्माण किया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर खेल परिसर में पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु जागरूकता को लेकर ए.पी. कॉलोनी सेवा केंद्र और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में खेल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा बच्चों को प्रकृति, जल संरक्षण, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पृथ्वी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव रतन कुमार, अशोक कुमार लोहान तथा समाजसेवी राज कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, जल संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही मानवता का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता अभियान भी चलाया गया तथा लोगों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी लोगों से एक व्यक्ति एक पौधा अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और धरती को हरा-भरा तथा प्रदूषणमुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई।



संपादकीय

## कमजोर मानसून और महंगे कच्चे तेल की चुनौतियां

इन दिनों देश के आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं. हाल ही में 2 जून को संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है. इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है और इससे देश के कई हिस्सों में लू व भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो सकती है. कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है. इसी तरह हाल ही में एक जून को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश की धड़कन माने जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं. मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून के अपने पुराने अनुमान को और घटा दिया है. पहले जहां आईएमडी ने लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलआरए) की 92 फीसदी बारिश होने का अनुमान लगाया था, वहीं अब इसे घटाकर 90 फीसदी कर दिया गया है. इसका सीधा मतलब यह है कि देश में इस साल 'सामान्य से कम' बारिश होने की पूरी आशंका है. अगर मौसम विभाग का यह ताजा अनुमान सच साबित होता है तो भारत पिछले एक दशक के सबसे बड़े सूखे मानसून का सामना करेगा. इससे पहले साल 2015 में भारत में इतनी कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जब मानसून सामान्य से लगभग 13 फीसदी कम था. कमजोर मानसून व सूखे की आशंका के साथ एक बार फिर इसी माह जून की शुरुआत से अमेरिका-ईरान के बीच पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें चार बार बढ़ने के बाद भी अभी और बढ़ने की आशंका बनी हुई है. एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा. अल-नीनो के बढ़ते असर को देखते हुए केंद्र सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है. किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने 1 जून 2026 से देशव्यापी 'खेत बचाओ' अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं. इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह (क्रॉप-स्पेसिफिक एडवाइजरी) दी जाएगी ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फैसला ले सकें.इस कमजोर मानसून और सूखे की आशंका के बड़े संकट से निपटने के लिए सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है.

इस अभियान में स्थानीय पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है. देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं. इनमें से 500 टीमें विशेष रूप से देश के उन 100 जिलों में तैनात की जाएंगी, जहां रासायनिक खादों की खपत सबसे ज्यादा है. इस अभियान के जरिए सरकार अपनी अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सीधे किसानों तक पहुंचाएगी. टीमें खेतों में जाकर किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम-किसान जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगी. चूंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही है, अतएव सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के सभी लोगों के द्वारा हरसंभव तरीके से महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा.

# आकाश पर राज करेगी भारतीय वायु सेना

**दक्षिण एशिया में इसका सबसे गहरा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही आर्थिक संकट और सैन्य निर्भरता से जूझ रहा है। ऐसे समय में भारत का 200 से अधिक राफेल विमानों की दिशा में बढ़ना पाकिस्तान की वायु शक्ति को पूरी तरह असंतुलित कर देगा। चीन भले ही पाकिस्तान को आधुनिक हथियार दे, लेकिन भारतीय वायुसेना का युद्ध अनुभव, प्रशिक्षण स्तर और तकनीकी समन्वय पाकिस्तान के लिए भय का कारण बना रहेगा। राफेल की मौजूदगी से भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की स्थिति में भी निर्णायक बढ़त मिलने की संभावना मजबूत होगी। बहरहाल, स्पष्ट है कि यह समझौता भारत की नई सैन्य सोच का उद्घोष है। संदेश बिल्कुल साफ है कि भारत अब इंतजार नहीं करेगा, भारत अब जवाब देगा। भारतीय वायुसेना की गर्जना आने वाले वर्षों में और प्रचंड होने वाली है। राफेल के पंखों पर सवार होकर भारत केवल अपनी सीमाएं सुरक्षित नहीं करेगा, बल्कि पूरे एशिया में शक्ति संतुलन की नई कहानी लिखेगा।**

नीरज कुमार दुबे

भारत ने एक बार फिर चीन और पाकिस्तान को साफ चेतावनी दे दी है कि अब नया भारत सिर्फ जवाब नहीं देता, बल्कि दुश्मन की रणनीति को जड़ से तोड़ने की ताकत रखता है। हम आपको बता दें कि भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल युद्धक विमानों की खरीद का फैसला दक्षिण एशिया में ताकत का पूरा समीकरण बदलने वाली चाल है। करीब तीन लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपये के इस महा समझौते ने बीजिंग और इस्लामाबाद दोनों की नींद उड़ा दी है। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा से ठीक पहले उठाया गया यह कदम दुनिया को साफ संदेश देता है कि भारत अपनी सैन्य ताकत को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने देगा।

देखा जाये तो भारतीय वायुसेना इस समय अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर में खड़ी है। स्वीकृत 42.5 पांच स्क्वॉड्रन के मुकाबले उसके पास केवल 29 स्क्वॉड्रन बचे हैं। दूसरी ओर चीन तेजी से अपने पांचवीं और छठी पीढ़ी के युद्धक विमानों का जाल खड़ा कर रहा है। चीन के पास पहले से जे-20 और जे-35 जैसे स्टेल्थ विमान सक्रिय हैं, जबकि वह जे-36 और जे-50 जैसे अगली पीढ़ी के विमानों का परीक्षण भी कर रहा है। पाकिस्तान भी चीन के सहयोग से जे-35 ए जैसे स्टेल्थ विमान हासिल करने की तैयारी में है। ऐसे माहौल में भारत का राफेल पर दांव केवल जरूरत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का निर्णायक प्रश्न बन चुका है।

भारतीय वायुसेना ने पिछले वर्षों में जिस अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया है, उसने दुनिया को भारत की नई सैन्य सोच का परिचय दिया है। बालाकोट से लेकर वास्तविक नियंत्रण रेखा तक भारतीय वायुसेना ने यह साबित किया कि वह दुश्मन के घर में घुसकर जवाब देने की क्षमता रखती है। अब वही वायुसेना राफेल जैसे घातक और आधुनिक युद्धक विमानों से और अधिक प्रचंड होने जा रही है। देखा जाये तो राफेल



केवल विमान नहीं, बल्कि हवा में भारत की दहाड़ है। इसकी मारक क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की ताकत और दुश्मन की वायु रक्षा को ध्वस्त करने की क्षमता इसे बेहद घातक बनाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस समझौते के तहत अठारह विमान सीधे फ्रांस से आएंगे, जबकि 96 विमानों का निर्माण भारत में होगा। यह पहली बार होगा जब राफेल का निर्माण फ्रांस के बाहर किया जाएगा। लगभग पचास प्रतिशत स्वदेशीकरण के साथ यह कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार नहीं, बल्कि रक्षा निर्माण शक्ति बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे भारत की रक्षा औद्योगिक क्षमता बढ़ेगी, हजारों रोजगार पैदा होंगे और भविष्य में स्वदेशी युद्धक विमान कार्यक्रमों को भी नई गति मिलेगी।

हालांकि यह भी सच है कि केवल राफेल से पूरी समस्या का समाधान नहीं होगा। मिग-29, मिराज-2000 और जगुआर जैसे पुराने विमान अगले दशक में सेवा से बाहर होने लगेंगे। दूसरी ओर तेजस मार्क-1 ए और तेजस मार्क-2 जैसी स्वदेशी परियोजनाएं देरी से जूझ रही हैं। ऐसे में भारतीय वायुसेना को संख्या और तकनीक दोनों स्तरों पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस संकट के बीच भी भारत ने बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है। एक ओर राफेल, दूसरी ओर उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम और साथ ही मानव रहित युद्धक प्रणालियों पर निवेश, यह दिखाता है कि नई दिल्ली आने वाले बीस वर्षों की हवाई शक्ति संरचना तैयार कर रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि दुनिया की दो बड़ी छठी पीढ़ी की परियोजनाएं भी इस समय संकट में हैं। ब्रिटेन, इटली और जापान का वैश्विक युद्धक विमान कार्यक्रम वित्तीय संकट और देरी का शिकार है, जबकि फ्रांस, जर्मनी और स्पेन की भविष्य वायु युद्ध प्रणाली आंतरिक टकराव में फंसी हुई है। भारत ने इन दोनों परियोजनाओं में रुचि दिखाई थी, लेकिन अब वहां अनिश्चितता बढ़ गई है। यही कारण है कि भारत ने तत्काल सामरिक मजबूती के लिए राफेल पर भरोसा बढ़ाया है।

इसके अलावा, रूस का सुखोई-57 भी चर्चा में है। रूस भारत को तकनीक हस्तांतरण, स्रोत कोड और भारत में निर्माण जैसे आकर्षक प्रस्ताव दे रहा है। कई पूर्व वायुसेना अधिकारियों का मानना है कि सीमित संख्या में सुखोई-57 विमानों की खरीद भारत के लिए अंतरिम समाधान हो सकती है। लेकिन भारत फिलहाल किसी एक देश पर पूरी तरह निर्भर होने की बजाय बहुध्रुवीय रक्षा रणनीति अपना रहा है। यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

प्रधानमंत्री मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा इस पूरे घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देती है। यह यात्रा भारत और फ्रांस के बीच उभरती सामरिक साझेदारी का निर्णायक चरण साबित हो सकती है। अमेरिका के साथ हाल के तनाव और पश्चिमी देशों की अनिश्चित नीतियों के बीच फ्रांस ऐसा साझेदार बनकर उभरा है जो भारत को तकनीक, उत्पादन और रणनीतिक सहयोग तीनों देने को तैयार दिख रहा है। चीन को घेरने की वैश्विक रणनीति में भारत और फ्रांस का यह गठजोड़ हिंद महासागर से लेकर प्रशांत क्षेत्र तक नई शक्ति संतुलन रचना कर सकता है।

दक्षिण एशिया में इसका सबसे गहरा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही आर्थिक संकट और सैन्य निर्भरता से जूझ रहा है। ऐसे समय में भारत का 200 से अधिक राफेल विमानों की दिशा में बढ़ना पाकिस्तान की वायु शक्ति को पूरी तरह असंतुलित कर देगा। चीन भले ही पाकिस्तान को आधुनिक हथियार दे, लेकिन भारतीय वायुसेना का युद्ध अनुभव, प्रशिक्षण स्तर और तकनीकी समन्वय पाकिस्तान के लिए भय का कारण बना रहेगा। राफेल की मौजूदगी से भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की स्थिति में भी निर्णायक बढ़त मिलने की संभावना मजबूत होगी। बहरहाल, स्पष्ट है कि यह समझौता भारत की नई सैन्य सोच का उद्घोष है। संदेश बिल्कुल साफ है कि भारत अब इंतजार नहीं करेगा, भारत अब जवाब देगा। भारतीय वायुसेना की गर्जना आने वाले वर्षों में और प्रचंड होने वाली है। राफेल के पंखों पर सवार होकर भारत केवल अपनी सीमाएं सुरक्षित नहीं करेगा, बल्कि पूरे एशिया में शक्ति संतुलन की नई कहानी लिखेगा।

अध्यात्म

## जब गुस्सा आए, तब तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक शक्तिशाली राजा था। उसके पास धन-दौलत, विशाल राजमहल, सेवक, सुख-सुविधाएं और आज्ञाकारी प्रजा सब कुछ था। परिवार भी सुखी था और राज्य में किसी प्रकार की कमी नहीं थी। बाहर से देखने पर लगता था कि राजा सबसे खुश इंसान है, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग थी। राजा का मन हमेशा अशांत रहता था। उसे रात में नींद नहीं आती थी और छोटी-छोटी बातों पर वह गुस्सा हो जाता था, परेशान हो जाता था। मन की बेचैनी ने उसकी खुशियां छीन ली थीं।

एक दिन राजा ने अपने नगर के प्रसिद्ध संत के बारे में सुना, जिनके पास लोग अपनी समस्याओं का समाधान पाने आते थे। राजा तुरंत संत के आश्रम पहुंचा। उसने संत को प्रणाम किया और विनम्रता से कहा, 'गुरुदेव, मेरे पास सब कुछ होते हुए भी मन में शांति नहीं है। कृपया ऐसा उपाय बताइए, जिससे मेरा मन शांत हो सके।' राजा की बात सुनकर संत तुरंत उठे और आश्रम के बाहर चले गए। राजा भी उनके पीछे-पीछे पहुंच गया। बाहर जाकर संत ने कुछ सूखी लकड़ियां इकट्ठी कीं और उन्हें जलाने लगे। थोड़ी-थोड़ी देर बाद आग जल गई, इसके बाद संत आग में एक-एक लकड़ी डालते जा रहे थे। धीरे-धीरे आग और तेज होती गई और उसकी लपटें ऊंची उठने लगीं। राजा यह सब ध्यान से देख रहा था, लेकिन उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि संत क्या करना चाहते हैं। कुछ देर बाद संत वापस अपनी जगह पर आकर बैठ गए। राजा ने फिर अपनी समस्या दोहराई। तब संत मुस्कुराए और बोले, 'महाराज, मैंने आपकी समस्या का समाधान अभी बाहर ही दे दिया था, लेकिन आप समझ नहीं पाए।' राजा आश्चर्यचकित होकर बोला, 'महाराज, मैं कुछ समझा नहीं।' संत ने शांत स्वर में कहा, 'हर व्यक्ति के भीतर एक आग होती है। यदि उसमें प्रेम, दया और सेवा की आहुति डाली जाए तो मन शांत और प्रसन्न रहता है। लेकिन जो लोग उस आग में क्रोध, लालच, मोह और अहंकार की लकड़ियां डालते हैं, उनके भीतर अशांति बढ़ती जाती है। मन की शांति पाने के लिए बुरी आदतों का त्याग करना जरूरी है। जब इंसान निस्वार्थ भाव से प्रेम करना सीख जाता है, तभी उसे सच्ची शांति मिलती है।' राजा संत की बात समझ चुका था। उसने उसी दिन से अपने स्वभाव में बदलाव लाने का संकल्प लिया। इसके बाद से राजा ने अपने गुस्से पर नियंत्रण किया और हर काम प्रेम, शांति और धैर्य के साथ करने लगा।

# बुढ़ापा पैंशन से 'प्राण वायु देवता पैंशन' तक : अनोखी पहल

**आमतौर पर पैंशन मनुष्यों को दी जाती है, लेकिन हरियाणा सरकार ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृक्षों को भी सम्मान देने का निर्णय लिया। इस योजना के अंतर्गत ऐसे वृक्षों के संरक्षण और देखभाल के लिए उनके मालिकों को प्रतिवर्ष 2750 रुपए की पैंशन प्रदान की जाती है। योजना की बढ़ती लोकप्रियता और जनभागीदारी को देखते हुए सरकार ने अब इस राशि को बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिवर्ष कर दिया है। योजना शुरू होने के समय लगभग 3810 वृक्ष इसके अंतर्गत पंजीकृत थे, जिन्हें वार्षिक पैंशन का लाभ दिया जा रहा था। आज इन वृक्षों की संख्या बढ़कर लगभग 5000 तक पहुंच चुकी है। यह केवल एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो रहे हैं और वृक्षों को केवल लकड़ी या भूमि उपयोग के साधन के रूप में नहीं बल्कि जीवनदाता के रूप में देखने लगे हैं।**

दीपक कुमार शर्मा

हरियाणा की पहचान केवल कृषि, खेल और सैनिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की अनेक जनहितकारी योजनाओं के कारण भी राज्य ने पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। जब भी वृद्धावस्था पैंशन की बात होती है तो लोगों को सबसे पहले चौधरी देवीलाल का नाम याद आता है। हरियाणा देश का पहला राज्य माना जाता है जिसने बुजुर्गों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए बुढ़ापा पैंशन जैसी योजना को लागू किया।

यही कारण है कि आज भी करोड़ों लोग चौधरी देवीलाल को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करते हैं। समय के साथ हरियाणा की विभिन्न सरकारों ने सामाजिक सुरक्षा की इस परंपरा को आगे बढ़ाया और इसे नई सोच के साथ विस्तारित किया। इसी क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 26 अक्तूबर 2023 को एक ऐसी अनोखी योजना शुरू की, जिसने न केवल देश बल्कि दुनिया का ध्यान भी आकर्षित किया। इस योजना का नाम है प्राण वायु देवता पैंशन योजना।

आमतौर पर पैंशन मनुष्यों को दी जाती है, लेकिन हरियाणा सरकार ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृक्षों को भी सम्मान देने का निर्णय लिया। इस योजना के अंतर्गत ऐसे वृक्षों के संरक्षण और देखभाल के लिए उनके मालिकों को प्रतिवर्ष 2750 रुपए की पैंशन प्रदान की जाती है। योजना की बढ़ती लोकप्रियता और जनभागीदारी को देखते हुए सरकार ने अब इस राशि को बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिवर्ष कर दिया है। योजना शुरू होने के समय लगभग 3810 वृक्ष इसके अंतर्गत पंजीकृत थे, जिन्हें वार्षिक पैंशन का लाभ दिया जा रहा था। आज इन वृक्षों की संख्या बढ़कर लगभग 5000 तक पहुंच चुकी है। यह केवल एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक हो रहे हैं और वृक्षों को केवल लकड़ी या भूमि उपयोग के साधन के रूप में नहीं बल्कि जीवनदाता के रूप में देखने लगे हैं। वास्तव में वृक्ष मानव जीवन के सबसे बड़े संरक्षक हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, भूजल संरक्षण में मदद करते हैं, तापमान को नियंत्रित करते हैं और जैव विविधता को सुरक्षित रखते हैं। बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या दबाव के कारण दुनिया भर में जंगलों का क्षेत्र लगातार घट रहा है। इसका सीधा प्रभाव जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा, सूखा और बाढ़ जैसी समस्याओं के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे समय में यदि किसी राज्य की सरकार वृक्षों को सम्मान देने और उनके संरक्षण के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करती है तो यह निश्चित रूप से एक दूरदर्शी और अनुकरणीय पहल कही जाएगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इसी सोच को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के



नाम' अभियान की शुरूआत की। यह अभियान केवल पौधारोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भावनाओं से जुड़ा एक जनआंदोलन बन गया।

इस अभियान के अंतर्गत पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 80 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। देश के विभिन्न राज्यों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे भी लाखों पौधे लगाए गए, जिससे हरित आवरण बढ़ाने के साथ-साथ सड़क किनारे पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने में सहायता मिली। यदि भारत के वन क्षेत्र की स्थिति पर नजर डालें तो यह स्पष्ट होता है कि अभी भी हमारे सामने बड़ी चुनौतियां मौजूद हैं। भारत का कुल वन क्षेत्र लगभग 6.78 लाख वर्ग किलोमीटर है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 20.64 प्रतिशत है। राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 33 प्रतिशत भाग वनाच्छादित होना चाहिए, अर्थात अभी भी हमें काफी दूरी तय करनी है। वन क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में सबसे अधिक जंगल मध्य प्रदेश में हैं। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र का स्थान आता है। ये राज्य क्षेत्रफल के आधार पर सबसे अधिक वन संपदा रखते हैं।

दूसरी ओर कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां वन क्षेत्र अपेक्षाकृत बहुत कम है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश इस श्रेणी में आते हैं। हरियाणा में वन क्षेत्र लगभग 3 से 4 प्रतिशत के आसपास है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। सीमित वन क्षेत्र, बढ़ती आबादी, औद्योगिक विकास और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था जैसी परिस्थितियां राज्य के सामने विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करती हैं। यही कारण है कि हरियाणा में प्राण वायु देवता पैंशन योजना जैसी अभिनव पहल की आवश्यकता महसूस की गई। यह योजना केवल पुराने वृक्षों को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि समाज में यह संदेश देने का माध्यम भी है कि वृक्ष हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं और उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

इन सभी प्रयासों का मूल उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना, समाज को संवेदनशील बनाना और भविष्य को सुरक्षित करना है। यदि प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा लगाए, उसकी देखभाल करे और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बनेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। आपकी छवि लोगों के सामने अत्यन्त सशक्त व्यक्ति के रूप में हो सकती है। घर के कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको दूसरे लोगों पर बहुत भरोसा नहीं करना चाहिये। धार्मिक गतिविधियों में आप रुचि लेंगे। आप पिकनिक के लिये जा सकते हैं।

**मिथुन**
आज किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें। बेवजह की यात्रा करने से आपको बचना चाहिये। सोशल मीडिया पर आप काफी समय खर्च करेंगे।

**कर्क**
होटल व्यवसायियों की आय बढ़ सकती है। काफी दिनों से मेहनत के कारण जो थकान थी, वो आज दूर होगी। कारोबार में नये अनुबन्ध कर सकते हैं।

**सिंह**
यदि आप साझेदारी में काम करना चाहते हैं, तो आज का समय बहुत उत्तम है। खर्चों को लेकर सावधान रहना चाहिये। आपको मेहनत का सुखद परिणाम मिलेगा।

**कन्या**
करियर से सम्बन्धित सुनहरा मौका मिलेगा। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। सहयोगियों की सलाह पर ध्यान दें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपको वाहवाही मिलेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर सकते हैं। रुकी हुयी सैलरी की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक**
व्यापार में सम्बन्धियों की सहायता मिलेगी। आपको कोई अच्छा विचार मिल सकता है, जो आपको कार्यक्षेत्र में काफी मदद करेगा। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी।

**धनु**
लोग आपकी विनम्रता की प्रशंसा करेंगे। सुख-सुविधाओं पर आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी आय बढ़ने से मन प्रसन्न होगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ने की सम्भावना है।

**मकर**
व्यावसायिक रिश्तों में प्रगाढ़ता आयेगी। घर में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी।

**कुंभ**
व्यापारी वर्ग के मन में असन्तोष हो सकता है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। अत्यधिक बहसबाजी से आपको बचना चाहिये। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**मीन**
आपके व्यवहार से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। फाइनेन्स से जुड़ी गतिविधियों के लिये दिन उत्तम रहने वाला है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की ट्रक से कुचलकर मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बादपुर गांव के पास एनएच-80 पर सुबह करीब 5:30 बजे लखीसराय से मोकामा की ओर आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने मॉर्निंग वॉक कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतका की पहचान मरांची इंग्लिश गांव निवासी बच्ची देवी, पति सुरेश साव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची देवी रोज की तरह सुबह टहलने निकली थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर उन्हें कुचलते हुए एनएच किनारे गड्ढे में लुढ़क गया। ग्रामीणों का कहना है कि चालक को झपकी आने की वजह से वाहन बेकाबू हुआ था। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही मरांची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसा सुबह करीब 5:30 बजे का है। चालक फरार है, पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कछुआ गति से चल रहा है रेलवे सौंदर्यीकरण का काम

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के सौंदर्य करण एवं स्टेशन परिसर को अंत्य आधुनिक बनाने के लिए अमृत भारत महोत्सव योजना के तहत करीब 3 साल से विकास कार्य कछुआ गति से चल रहा है। वर्ष 2025 के दिसंबर महीने से स्वचालित सीढ़ी का निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन 6 महीना से भी ज्यादा का वक्त गुजर जाने के बाद अभी तक थोड़ा ही काम हुआ है। सिर्फ प्लेटफार्म संख्या चार के पास पिलर बनाकर छोड़ दिया गया है। दैनिक यात्रियों का कहना है कि लखीसराय रेलवे स्टेशन का काम बाढ़ से बाद में शुरू हुआ था लेकिन करीब 6 महीना पहले ही पूरा हो चुका है लेकिन बाढ़ में अभी तक कार्य प्रगति पर ही है। इससे लोगों में असंतोष बढ़ता है दानापुर मंडल रेल के अधिकारी समय-समय पर जब निरीक्षण करने आते हैं तो काम में गति लाया जाता है और फिर संवेदक सुस्त पड़ जाते है।

### सियार ने आधा दर्जन लोगों को काटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नदमा गांव में इन दिनों सियार का आतंक से लोग परेशान हैं। सोमवार के दिन गांव के ही 52 वर्षीय सुबोध सिंह, 40 वर्षीय राजनीतिक कुमार, 45 वर्षीय तनिक प्रसाद सिंह और 14 वर्षीय राजनंदनी कुमारी सहित आधा दर्जन लोगों को सियार ने काट कर जख्मी कर दिया। सभी को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां रेबीज का इंजेक्शन देकर लोगों को छुट्टी दे दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि घर के पास खेल रहे बच्चों को भी सियार इन दोनों शिकार बन रहा है।

### करंट लगने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सक्सोहरा थाना क्षेत्र के गोपाईचक गांव में 7 वर्षीय सूरज कुमार करंट की चपेट में आ गया जिससे वह बेहोश हो गया। परिजन द्वारा इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सूरज कुमार को करंट कैसे लगा इसका पता परिजन को भी नहीं है। सभी लोग खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। जब वह वापस लौटे तो देखा कि सूरज कुमार दरवाजे के बाहर बेहोश पड़ा है। इस घटना से घर में कोहराम मच गया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### नवविवाहिता की फांसी लगा कर हत्या का आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सक्सोहरा थाना क्षेत्र के अदौली गांव की रहने वाली गीता कुमारी की बेलछी थाना क्षेत्र के बटेरिया बीघा गांव मैं शादी हुई थी नव विवाहित गीता देवी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई । मृतक गीता देवी के गले में फंदे का निशान पाया गया गीता के परिजनों ने बताया कि 06 महीना पहले गीता की शादी बेलछी थाना क्षेत्र के बटेरिया बीघा गांव में हुई थी और ससुराल बाले शुरू से ही दहेज के लिए प्रतारित कर रहे थे । यहां तक की मायके वालों से मोबाइल पर बात करने तक की अनुमति नहीं थी। लड़की का मोबाइल भी छीन कर रख लिया गया था। जबकि शादी के समय दहेज में सुख सुविधा के सारे सामान दिए गए थे । बुधवार के दिन मायके वालों को यह सूचना दी गई थी आपकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मायके वाले ससुराल वालों पर पुलिस से करी से करी कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। पुलिस ने लाश को जप्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है जांच चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### ठनका से भैंस की मौत, किसान को 65 हजार का नुकसान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमस भरी गर्मी के बाद शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से मौसम तो सुहावना हो गया, लेकिन इस दौरान वज्रपात ने एक किसान की जीविका छीन ली। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के चपौर पंचायत स्थित चाननपुर गांव में खेत में चर रही भैंस पर ठनका गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित किसान सिनोद चौधरी, पिता बिंदा चौधरी ने बताया कि बारिश के दौरान उनकी भैंस खेत में चर रही थी। तभी जोरदार आवाज के साथ ठनका भैंस पर गिरा। घटना में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। सिनोद चौधरी ने बताया कि भैंस सुबह-शाम मिलाकर 10 किलो दूध देती थी। दूध बेचना ही उनके परिवार की जीविका का मुख्य साधन था। भैंस की मौत से उन्हें करीब 65 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित ने मसौढ़ी स्थित पशु चिकित्सा पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को सूचना दी है। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। गौरतलब है कि शुक्रवार को हुई बारिश के दौरान इलाके के कई जगहों पर वज्रपात की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भी हल्की बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर कुक्कू फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**खुसरूपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रसिद्ध सामाजिक संस्था कुक्कू फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर की नव निर्मित सब्जी मंडी के बाहरी मुख्य द्वार एवं चहारदीवारी के समीप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने 'जल-जीवन-हरियाली' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया। संस्था के सदस्यों ने अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, लेकिन इस वर्ष संस्था के सहयोगी संरक्षक पिंकू कुमार कोरांच के पिता स्वर्गीय उमेश प्रसाद साव के निधन के कारण कार्यक्रम को सादगीपूर्ण रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय उमेश प्रसाद साव की स्मृति में विशेष रूप से पौधारोपण किया गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में संस्था के मुख्य संरक्षक एवं नगर अध्यक्ष मिंटू कुमार, संस्थापक दिलीप कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव मनोहर कुमार, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार, प्रबंधक एवं वार्ड-7 के पार्षद हिमांशु राज उर्फ बिट्टू, संरक्षक कौशल कुमार सिंह, राजीव कुमार टूटू, राजवीर कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, पूनम गुप्ता, सोनी जसवाल, प्रीति कुमारी, संतोष कुमार, शिक्षक अजय कुमार, राधे विश्वकर्मा, गौतम कुमार, गंगा शरण गोस्वामी, रणजीत राणा, रंजीत कुमार, दीपू कुमार, संजय गोस्वामी सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं सहयोगी उपस्थित रहे।



### देसी -विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देर रात नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सम्मसपुर के पासवान गली में छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में देसी -विदेशी एवं के न वियर शराब बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया कि समयपुर पासवान गली में छापेमारी के दरम्यान पुलिस ने 500 एमएल की 37 केन बियर, 180 एमएल की 36 पीस फ्रूटी और 500 ग्राम की महुआ शराब की 14 बोतल बरामद किया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में सम्मसपुर निवासी रामस्वरूप पासवान के पुत्र छोटू पासवान को गिरफ्तार किया है। नदी थाना पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।



## 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांटः पारस हेल्थ ने रचा नया इतिहास



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस हेल्थ, पटना ने किडनी प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाला बिहार का पहला कॉर्पोरेट हॉस्पिटल है। यह बिहार और पूर्वी भारत में उन्नत किडनी देखभाल सेवाओं के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता, विशेषज्ञता और मरीज-केंद्रित उपचार का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए निदेशक और विभागाध्यक्ष नेफ्रोसाइंसेज डॉ. शशि कुमार ने कहा कि 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांट का यह सफर हमारे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। अनुभवी चिकित्सकों, प्रशिक्षित ट्रांसप्लांट टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास के बल पर हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। हमारा उद्देश्य बिहार और आसपास के राज्यों के मरीजों को विश्वस्तरीय किडनी उपचार उनके अपने क्षेत्र में उपलब्ध कराना है। पारस हेल्थ, पटना के जोनल डायरेक्टर श्री अनिल कुमार ने कहा कि 100 सफल किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला बिहार का पहला कॉर्पोरेट हॉस्पिटल है। पारस हेल्थ की क्लीनिकल उत्कृष्टता समर्पित टीमवर्क और मरीजों के भरोसे का परिणाम है। यह उपलब्धि उन सैकड़ों परिवारों की उम्मीदों और खुशियों का प्रतीक है जिन्हें नया जीवन मिला है। पारस हेल्थ अस्पताल की नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेशन टीम के संयुक्त प्रयासों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में कल होटल ताज सिटी सेंटर, पटना में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सक, ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता, डोनर परिवार, स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

## एसएमडी कॉलेज पुनपुन में विश्व पर्यावरण दिवस पर एनसीसी का विशेष कार्यक्रम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी, एसएमडी कॉलेज पुनपुन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार, कमांडिंग ऑफिसर 29 बिहार बटालियन एनसीसी पटना के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैडेट्स के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बताया कि मानव की लापरवाही और प्रकृति का अत्यधिक दोहन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि प्रकृति और जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया।

# दनियावां में बीडीसी की बैठक रही हंगामेदार

**जनप्रतिनिधियों ने दनियावां प्रखंड में किसानों की जमीन में टाऊनशिप नहीं बनाने का मुद्दा उठाया**



**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड सभागार भवन में गुरुवार को बीडीसी की बैठक प्रखंड प्रमुख विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से दनियावां प्रखंड के बांकीपुर मछरियावां, खरभैया और सिग्रियांवा और दनियावां पंचायतों के किसानों के जमीन पर सरकार द्वारा पाटलिपुत्र सेटेलाइट टाऊन बनाने की घोषणा की गई है उसका विरोध करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर संबंधित विभाग और सरकार के मंत्री के पास भेजने का निर्णय लिया गया है।प्रमुख बिनोद कुमार और दनियावां मुखिया नवनीत कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही ढंग से पोषाहार वितरण नहीं होने का आरोप लगाया और इसमें सीडीओ की मिलीभगत का आरोप लगाया।कुल मिलाकर बैठक हंगामेदार रही।बैठक में अनुपस्थित रहने वालों अधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई.मौके पर दनियावां बीडीओ प्रियंका कुमारी ,सीओ गीता कुमारी, सीडीपीओ अर्चना कुमारी,पिओ मीना कुमारी,उप प्रमुख अशोक कुमार,मुखिया मनीष कुमार, श्रीमंती देवी, ज्ञानेंद्र कुमार, रितु देवी समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

## राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, कंकड़बाग, पटना में 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, कंकड़बाग, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना विंग द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों और आम नागरिकों को जागरूक करना था। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण प्राचार्य प्रो दिवाकर प्रसाद, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ के के राय, स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न औषधीय और छायादार पौधे लगाए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमें न केवल पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी लेना चाहिए। एनएसएस के स्वयंसेवक समाज में बदलाव के अग्रदूत हैं और उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 'एक पेड़, एक जीवन' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। ठरर विंग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 50 से अधिक पौधों का रोपण, एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 'प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी' और 'पर्यावरण बचाओ' के नारों के साथ एक जागरूकता रैली, छात्रों द्वारा ग्लोबल वार्मिंग और जल संरक्षण के गंभीर मुद्दों पर पेंटिंग एवम सभी प्रतिभागियों का एकल उपयोग प्लास्टिक का त्याग करने और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने की शपथ थी।

## युवाओं की रचनात्मकता से गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं परिपत्र अर्थव्यवस्था विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, वृक्षारोपण तथा परिपत्र अर्थव्यवस्था से जुड़े विषयों पर आकर्षक एवं विचारोत्तेजक पोस्टर प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक चिंता का विषय है और इसके समाधान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सुदृढ़ करते हैं। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डॉ. विनय भूषण कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और परिपत्र अर्थव्यवस्था की अवधारणा वर्तमान समय की आवश्यकता है। डॉ. विजय कुमार सिन्हा ने प्रकृति और विकास के मध्य संतुलन बनाए रखने पर बल दिया, जबकि डॉ. प्रशांत कुमार ने सतत विकास के लिए जनभागीदारी और जागरूकता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में डॉ. उमेश कुमार एन एस एस, कार्यक्रम पदाधिकारी तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभाकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. प्रशांत कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार शामिल थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना द्वारा बाढ़ प्रखंड के राणा बिगहा गांव विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के फलस्वरुप वर्ष 2026 में अत्यधिक तापमान का होना मनुष्य, जीव जन्तुओं के लिए कितना नुकसानदायक है विषय पर जानकारी दी गई विश्व पर्यावरण दिवस का विषय भूमि बहाली, मरूअस्थलीकरण और सूखा सहनसहीलता पर ध्यान केंद्रित करना है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने बतलाया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी जैसी समस्याओं पर ध्यान आकर्शित किया जाता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरणीय चुनौती पर ध्यान केन्द्रित करता है। इस दिवस पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से हमें अधिक से अधिक अपने आस-पास के लोगों, गांवों व कस्बों को जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण और विकास का संतुलन को बनाए रखने पर जोर देते हैं। हमें यह प्रण लेना होगा कि हर दिन पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और उसे बचाने के लिए जिममेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए। हम अपने स्तर से छोटे-छोटे कदम उठाकर जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण करना, बृहद पैमाने पर पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बिहार पशु विज्ञान विवि में हुआ पौधारोपण



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत संस्थानों बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना तथा बिहार स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी, पटना में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बिहार स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी, पटना परिसर में आयोजित वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. राकेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के पशुधन प्रक्षेत्र परिसर में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम निदेशक अनुसंधान डॉ. एन. के. सिंह के मार्गदर्शन मे हुआ। इस अवसर पर निदेशक आवसीय निदेश-सह-अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. निर्मल सिंह दहिया, वित्त नियंत्रक श्री संजय कुमार पाठक, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. ज्ञान देव सिंह, डॉ. दुष्यंत, डॉ. संजीव, डॉ. मृत्युंजय, डॉ. अंकेश, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सरोज रजक, डॉ. सूचित, डॉ. मनमोहन सहित पशुधन प्रक्षेत्र के सभी वैज्ञानिक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. एन. के. सिंह ने कहा कि ह्लपर्यावरण संरक्षण के लिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर वृक्ष के रूप में विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि हम लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें, तभी वृक्षारोपण अभियान अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगा।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों द्वारा विवाहिता की हत्या कर शव जला देने का सनसनीखेज मामला बिते 18.05.2026 को हुई थी, इस मामले में फरार चल रहे नामजत अभियुक्त पति गंगा बिंद पिता स्व.इंद्रदेव बिंद,तेलियनपर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केवड़ा ओपी थानाध्यक्ष ने इस घटना के संदर्भ में बताया कि नालंदा जिले के तुगी दीपनगर के निवासी मुन्नी देवी पति स्व नरेश बिंद ने आवेदन देकर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था,आवेदक मे बताया कि उनकी बेटी खुशबू देवी की शादी 28 फरवरी 2021 को गंगा बिंद, पिता स्व.इंद्रदेव बिंद, ग्राम तेलियनपर, थाना केवड़ा, निवासी से हुई थी। आरोप है कि शादी के समय से ही ससुरालवाले दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर खुशबू के साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। पीड़ित मां के अनुसार, 17 मई 2025 को बेटी ने रोते हुए फोन किया था। खुशबू ने कहा था- मां, मेरे पति 39,000 रुपये के लिए बहुत मारपीट कर रहे हैं। मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। 18 मई 2025 को उन्हें सूचना मिली कि बेटी की तबीयत खराब है। जब वे बेटी के ससुराल पहुंचीं तो देखा कि बेटी का शव जलाया जा चुका था।

## किसान मजदूर विकास संगठन का हल्ला बोल आंदोलन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसान मजदूर विकास संगठन के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों किसानों ने मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय, कृषि कार्यालय और अंचल कार्यालय में रोष प्रगट किया गया, संगठन ने पदाधिकारियों से मिलकर खाद, बीज और दाखिल-खारिज की लंबित फाइलों को लेकर वार्ता की और जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या खाद की है। मसौढ़ी कोऑपरेटिव में घंटों लाइन लगाकर खाद लेना पड़ रहा है। आरोप है कि खाद लेने के दौरान जबरन लिक्विड यूरिया दिया जाता है और उसकी रसीद भी नहीं दी जाती। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज भी नहीं मिल पा रहा है।अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज के सैकड़ों मामले पेंडिंग हैं। इससे किसानों को जमीन संबंधी काम में भारी परेशानी हो रही है। खेतों में पटवन की समस्या भी गंभीर बनी हुई है।संगठन ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते किसानों की खाद, बीज, पटवन और दाखिल-खारिज की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो प्रखंड कार्यालय का कामकाज ठप कर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## सुपर कोच के रूप में शामिल होकर श्रेयस अय्यर बढ़ाएंगे काबुनी की ग्लोबल क्रिकेट ट्रेनिंग की रफ्तार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्रिकेट ट्रेनिंग को नई दिशा देने वाले एआई-संचालित स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, काबुनी ने आज भारत के सबसे दमदार बल्लेबाजों में से एक, श्रेयस अय्यर, को सुपर कोच के रूप में शामिल करने की घोषणा की। श्रेयस अय्यर अब काबुनी के सुपर कोचेस की बढ़ती सूची का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें सौरव गांगुली, शेन वॉटसन और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज शामिल हैं। ये चारों 7 जून को मुंबई में होने वाले काबुनी शोकेस में उपस्थित रहेंगे, जहाँ काबुनी अपने प्लेटफॉर्म और भारत में स्कूलों, अभिभावकों तथा उभरते क्रिकेटर्स के लिए उपलब्ध अवसरों को औपचारिक रूप से पेश करेगा। इस लॉन्च का प्रमुख आकर्षण "वॉन्ट टू प्ले फॉर ए लीजेंड?" नाम का नया राष्ट्रीय युवा क्रिकेट टूर्नामेंट होगा, जिसकी शुरूआत जून में होना निर्धारित है। 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के क्रिकेटर इसमें हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी काबुनी की तकनीक के जरिए अपना हुनर दिखाएँगे और श्रेयस अय्यर की टीम में खेलने का मौका हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। इस चयन प्रक्रिया में काबुनी के रियल-टाइम फीडबैक टूल्स अहम् भूमिका निभाएँगे। काबुनी खिलाड़ियों की गतिविधियों और गेंद से जुड़े आँकड़ों को रियल-टाइम में ट्रैक करता है और उन्हें वॉइस, वीडियो तथा विजुअल गाइडेंस के माध्यम से व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म '1% इम्प्रूवमेंट' की सोच पर आधारित है, जहाँ छोटे-छोटे सुधार समय के साथ बड़े बदलाव में बदल जाते हैं।

## वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में मसौढ़ी के लाल दिलीप कुमार ने जीता गोल्ड







शशि तुलस्यान

**अहमदाबाद में 4-8 जून तक प्रतियोगिता, बिहार से चुने गए थे 5 खिलाड़ी, 40 देशों ने लिया हिस्सा**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के लाल दिलीप कुमार ने प्रथम वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में कमाल कर दिया है। मसौढ़ी निवासी दिलीप ने 'फॉरवर्ड बेंड' स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। उनके इस प्रदर्शन से एक बार फिर भारत ने योगासन में विश्व गुरु होने का दम दिखाया है। यह प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता 4 से 8 जून तक गुजरात के अहमदाबाद स्थित ट्रांसस्टेडिया में आयोजित की गई। वर्ल्ड योगासन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप को योगासन भारत द्वारा संपन्न कराया गया। इसमें 40 से अधिक देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 के लिए बिहार से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसे भारतीय राष्ट्रीय योगासन टीम के लिए आधिकारिक चयन परीक्षण 1 और 2 मई, 2026 को भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र, सोनीपत, हरियाणा में आयोजित किए गए थे। यहां एथलीटों ने पारंपरिक, कलात्मक, लयबद्ध और एथलेटिक योगासन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की थी।बहरहाल दिलीप की इस उपलब्धि पर मसौढ़ी में खुशी की लहर है। शिक्षाविद राहुल चंद्रा, रमाकांत रंजन किशोर, आचार्य विश्वरंजन, अतुल अवस्थी, पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, अश्विनी गोल्डी, आशीष देव, डॉ. सुधीर कुमार सिंह, मुख्य पार्षद पिंकी देवी शंभू सिंह डॉ राम जयपाल, डॉ मंगल, दीपक शर्मा, नवल भारती समेत कई लोगों ने फोन कर दिलीप को बधाई दी है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन से न केवल बिहार का मान बढ़ा है, बल्कि राज्य के अन्य युवाओं को भी योगासन जैसे पारंपरिक खेलों को पेशेवर स्तर पर अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। आगामी 8 जून को विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला गायोनिकल सोसाइटी की ओर से किया पौधारोपण

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला गायनोकल सोसाइटी की ओर से चन्द्रकांत उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ.रंजना झा, डॉ. आशुतोष झा,डॉ.आभा कुमारी,मंजुश्री साहा, रंजना झा, शोभा जायसवाल, सृष्टि कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. आभा ने बताया कि वृक्षारोपण करना पर्यावरण संरक्षण के लिए लाभदायक है।



हम सभी लोग समय समय पर पौधारोपण करे तो निश्चित रूप से प्रदुषण से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यह यह संगठन महिला की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए पुरे देश में कार्य कर रही है। इस सोसाइटी में सभी चिकित्सक जुड़े हुए हैं। विशेषकर महिला विशेषज्ञ चिकिसक गरीब महिला की स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो महिला बच्ची भी संरक्षित रहेगी। इस दौरान कई जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान के तहत चलाया गया। सबों ने मिलकर पौधारोपण किया।

### अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर जप्त

**आजमनगर /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के केलाबाड़ी पंचायत के इमामनगर गांव में अवैध रूप से खनन कर रहे दो ट्रैक्टर आजमनगर पुलिस ने जप्त किया है। ट्रैक्टर जप्त करने की सूचना खनन विभाग को दिए जाने के बाद खनन विभाग ने ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ कर दी है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर मालिक को एक ट्रैक्टर के लिए जुमार्ने के तौर पर एक लाख सात हजार रुपए विभाग को दिए जाने का प्रावधान है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर जप्त कर खनन विभाग को कार्रवाई के लिए सूचना दे दी गई है।



### सुधा आउटलेट में चोरी

**कुरसेला /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच-31 स्थित सुधा आउटलेट में गुरुवार रात चोरों ने ग्रिल काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान के अंदर घुसकर दो कार्टून रबड़ी और नगदी समेत करीब पांच हजार रुपये मूल्य के सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक को हुई। संचालक विपुल कुमार ने बताया कि चोरों ने दुकान का ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और सामान की चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पूर्व भी दुकान में चोरी की घटना हुई थी। जिसकी लिखित शिकायत थाना में दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है और दोबारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। संचालक ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर चोरों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



### व्यापार मंडल अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया आरंभ

**मनिहारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद एवं कार्यकारिणी सदस्यों पद हेतु चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया आरंभ है गयी है। नामांकन को लेकर प्रखंड परिसर में काउन्टर निर्धिरित किये गये हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी सनत कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए एक और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए आठ नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। 6 जून नामांकन का आखिरी दिन है। 11 जून तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। 17 जून को मतदान के बाद मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष पद हेतु ललन यादव ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।



### 107 ग्राम स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सालमारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बलिया बेलौन पुलिस ने गुरुवार के रात में गश्ती के दौरान पचगाछी आम बगीचा के पास बाइक सवार को रोक कर तलाशी लेने पर संदिग्ध पैकेट मिलने पर दोनों बाइक सवार को थाना लाने के बाद पैकेट की तफ्तीश करने इसमें स्मैक जैसा पदार्थ मिलने पर इस की जांच की गयी। थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया की एक पैकेट मिला। इस में 107 ग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुछताछ करने पर अपना नाम तालीब और अशद बताया है। तस्कर ने स्वीकार किया है की स्मैक सप्लाई करने जा रहा था। मामले में आरोपी के पास से एक बाइक और मादक पदार्थ बरामद किया गया है। संग्दिध पैकेट मिलने पर वरीय पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गयी है। आरोपी के पास से कुल 107 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया है। बलिया बेलौन थाना कांड संख्या दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे कटिहार न्यायालय भेज दिया गया। यह कार्रवाई मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे पुलिस अभियान की एक अहम कड़ी मानी जा रही है।



### किसान शिविर का आयोजन

**सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड इकाई सुगौली के सभागार में एक किसान शिविर का आयोजन उप निदेशक सह सहायक निदेशक, ईख विकास मोतिहारी अजीत कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक - सह केंद्र प्रभारी डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह के साथ साथ डॉक्टर सौरभ दुबे ने किसानों को एक से तीस जून 2026 तक खेत बचाओ अभियान के तहत उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने एवं IDM,IPM पर विस्तार से जानकारी दी। गन्ना प्रसार अधिकारी बैद्यनाथ साहू ने किसानों को गन्ना योजना के बारे में बताया। लघु सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि श्री रंजीत कुमार ने सिंचाई योजना के बारे में जानकारी दी। मंच संचालन गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। उप महाप्रबंधक एस आर भारद्वाज ने साफ सुथरा एवं ताजा गन्ना आपूर्ति हेतु किसानों को समझाया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सुगौली के प्रतिनिधि द्वारा कृषकों को बैंक एवं ऋण के विषय में जानकारी दी। बैठक में सुगौली क्षेत्र के सैकड़ों गन्ना उत्पादक किसानों ने भाग लिया।



### समाहरणालय परिसर में पौधारोपण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन प्रति वर्ष 5 जून को किया जाता है। इस अवसर पर पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाई जाए, कचरे का सही ढंग से निपटान किया जाए, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक एवं एकल उपयोग वाली वस्तुओं का प्रयोग कम से कम किया जाए, पानी को बर्बाद होने से बचाया जाए, नल को कहीं भी खुला नहीं छोड़े और अगर नल खुला हुआ है तो उसे स्वयं भी बंद करें और ऊर्जा की बचत जैसे कदम उठाने पर जोर देने की अपील की गई। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम जिला वन प्रमंडल मोतिहारी के सौजन्य से संपन्न हुआ जिसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर एमजीसीयू में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, 55 विद्यालय हुए सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आचार्य बृहस्पति सभागार में "पर्यावरण की रक्षा क्यों और कैसे करें" विषय पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसन्नमूर्ति देसाई, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (लैंडस्केप) ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि तीव्र शहरीकरण और विकास की वर्तमान प्रक्रिया के बीच हरित परिदृश्य, प्राकृतिक संसाधनों एवं जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण - अनुकूल जीवनशैली अपनाने तथा प्रकृति के साथ संतुलित विकास के मॉडल को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुधांशु मिश्रा, प्रांत संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, उत्तर बिहार ने कहा कि 'बीज दान महादान है।' उन्होंने कहा कि एक छोटा-सा बीज भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन, समृद्धि और संतुलित पारिस्थितिकी का आधार भी तैयार करता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से वृक्षारोपण एवं बीज संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. कुशाग्र, अध्यक्ष, स्कूल ऑफ अर्थ एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज, एमिटी विश्वविद्यालय ने भारतीय संस्कृति और पर्यावरण के अभिन्न संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता में धर्म, संस्कृति और प्रकृति सदैव एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं में नदियों, वृक्षों, पर्वतों एवं प्राकृतिक संसाधनों को पूजनीय मानकर पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाया गया है। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों और जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण चेतना को और अधिक व्यापक बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं जीव विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रणवीर सिंह ने कहा कि "प्रकृति ही आदि है और प्रकृति ही अंत है।" उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं ऋषि-मुनियों के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति सृष्टि का मूल आधार है तथा मानव और प्रकृति का संबंध अटूट एवं अविभाज्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 55 विद्यालयों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालयों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को नई पहचान और प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अत्रत्राण पाल ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुंदन किशोर रजक ने प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन रश्मि मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी विनय कुमार, डॉ. एस. चौरसिया, नवनीत कुमार गिरि, राजीव रंजन, रंजन श्रीवास्तव, चन्द्रलता वर्मा, पंकज वर्मा, के.के. तिवारी, केशव कुमार, प्रो. अखिलेश सिंह, आदर्श कुमार ओझा, डॉ. विनय सिंह, यश मिश्रा, रंजीत गिरी, राज गुरु सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।



## चिलचिलाती धूप में मजदूर को लगी लू, खेत में ही हो गई मौत

**कदवा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की धूप और उमस भरी गर्मी क्षेत्र में जानलेवा साबित होने लगी है। लू और अत्यधिक तापमान के कारण खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि कदवा थाना क्षेत्र के परभेली पंचायत के वार्ड सं-14 नयाटोल निवासी हरिमोहन शर्मा (50) पिता गिरजु शर्मा गुरुवार के सुबह पत्नी फुदो देवी के साथ मक्का का बगरा काटने भरीं पंचायत डांघी गांव के पास ईदगाह कानी बहियार गया था। दोपहर के समय धूप का पारा अचानक बढ़ गया। बगरा काटने के क्रम में पति को प्यास लगी तो वह पत्नी को कहा कि तुम बगरा काटो हम पानी पीकर आते हैं।पानी पीकर लौटते समय वह चक्कर खाकर गिरकर रह गया। पत्नी इंतजार कर शाम को घर लौट गई। जब देर रात तक वह घर नही लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव एवं आसपास के गांवों में भी कोई पता नही मिला।हालांकि लोगों ने बगरा काटने वाली जगह के पास भी खोजबीन की गई।लेकिन कोई पता नही चला।सुबह जब आसपास के लोग फिर बगरा काटने पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति ट्रेक्टर के लीक में गिरा पड़ा हैं।हिलाने पर कोई गतिविधि नहीं देख गांव में जाकर हल्ला किया गया।



## पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद की सजा

**कटिहार कोर्ट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील कुमार सिंह ने पत्नी की हत्या के मामले में दोषी पाते हुए कटिहार नगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर रामपाड़ा निवासी अर्जुन मंडल पिता शिवचरण मंडल को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।साथ ही मामले में पच्चीस हजार अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया गया है। इस सत्रवाद में अभियोजन की ओर से शिवनारायण सिंह थे। जिन्होंने बताया कि इस मामले में नौ गवाहों की गवाही भी हुई है। सजा सुनाने के बाद आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। बताना होगा कि कदवा थाना अंतर्गत कुर्सेल निवासी निरंजन प्रसाद दास ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा था कि उनकी बेटी कंचन देवी की शादी अर्जुन मंडल के साथ बारह वर्ष पहले हुई है।

## जदयू नेता ने नीतीश कुमार से मिलकर संगठनात्मक मजबूती व बिहार के समग्र विकास तथा सीमांचल क्षेत्र मुद्दे पर की चर्चा

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन ने पटना में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक मजबूती,बिहार के समग्र विकास तथा सीमांचल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान डॉ. सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व, सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों से पार्टी कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर रूपौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कलाधर प्रसाद मंडल भी उपस्थित रहे ।



डॉ. सुमन ने कहा कि श्री मंडल ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यो एवं जनसरोकारों के प्रति समर्पित कार्यशैली से जनता का व्यापक विश्वास अर्जित किया है। डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि जनता दल (यू) का प्रत्येक कार्यकर्ता नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकास, सामाजिक न्याय एवं सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व का स्नेह, विश्वास एवं मार्गदर्शन ही कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी शक्ति है।मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के संकल्प को दोहराया गया।

## शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए रुट चार्ट तैयार : निगम आयुक्त

**तीन स्थानों को चिन्हित कर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था : संतोष**

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के नगर निगम स्थित निगमायुक्त कार्यालय कक्ष में कटिहार क्षेत्र ऑटो, टोटो के लिए अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता निगम आयुक्त संतोष कुमार ने की। बैठक में श्री कुमार बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बढ़ते हुए वाहनों की संख्या से लगने वाले जाम की समस्या के मध्य मद्देनजर आटो एवं टोटो के लिए अस्थाई पार्किंग हेतु तीनों स्थान अरगरा चौक, चौधरी मोहल्ला एवं सहायक थाना की निकट मिरचाईबारी में अस्थाई पार्किंग का व्यवस्था की गई है। उक्त स्थलों से ऑटो एवं टोटो के सुलभ संचालन हेतु संघ का सहयोग अपेक्षित है। संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने हेतु नगर निगम स्तर से ऑटो, टोटो के लिए अस्थाई पार्किंग की जो व्यवस्था की गई है। वह स्वागत योग्य है एवं संघ इसमें निगम प्रशासन को हर आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। आटो संघ के कोषाध्यक्ष द्वारा बताया गया की विभिन्न दिशाओं में ऑटो का परिचालन किया जाता है ऑटो को निर्धारित पार्किंग स्थल से परिचालन हेतु यह आवश्यक होगा की मुख्य बाजार से यात्रियों को ऑटो स्टैंड तक पहुंचाया जाए। साथ ही टोटो के आवागमन के मार्ग की सीमा को भी चिन्हित किया जाए। ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष सचिव द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र में टोटो के लिए कई अस्थाई पार्किंग स्थलों की आवश्यकता है। जहां से निर्धारित दिशाओं में टोटो का परिचालन किया जा सके।टोटो के लिए ऐसे अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था होने एवं पंजीकृत टोटो के परिचालन की व्यवस्था लागू होने वाले के उपरांत निश्चित रूप से जाम की समस्या को नियंत्रित किया जा सकेगा। इस पर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि संघ अपने स्तर से टोटो वाहनों के परिचालन के रूट तैयार करते हुए विस्तृत रूप से वाहनों की विवरणी के साथ वाहनों की संख्या एक सप्ताह के अंदर तैयार कर उपलब्ध कराये ताकि उक्त संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि यातायात थाना के स्तर से सभी महत्वपूर्ण रूट का चिन्हित करते हुए सूची तैयार कर जिला परिवहन पदाधिकारी कटिहार को उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ऑटो के परिचालन को सुगम बनाया जा सकेगा एवं जाम की समस्या से शहर वासियों को निजात दिलाया जा सकेगा इसमें ऑटो एवं टोटो संघ के सभी सदस्यों का सहयोग अपेक्षित रहेगा।



## पांच दिनों में बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा बड़ा आंदोलन- सुनील कुमार यादव

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो - वोल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। कटिहार लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने प्रभारी डीएम एवं विद्युत आपूर्ति मंडल के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जिले की चरमराई बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। बार-बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज की समस्या के कारण आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तकनीकी खराबियों के चलते घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है और शिकायत के बावजूद मरम्मत कार्य में काफी विलंब होता है। सुनील यादव ने कहा कि बिजली संकट का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे परेशान हैं। पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## जीवा ज्वेलरी शॉप डकैती कांड में बड़ी सफलता, झरोखर का युवक चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के मिलपुर स्थित जीवा ज्वेलरी शॉप में हुई करोड़ों रुपये के सोना-हीरा आभूषण डकैती मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.वर्धमान थाना कांड संख्या 582/26, दिनांक 20 मई 2026 में नौ अपराधियों द्वारा ज्वेलरी शॉप में डकैती कर बड़ी मात्रा में सोना एवं डायमंड के आभूषण लूट लिए गए थे.घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर अपराधियों की पहचान शुरू की थी.जांच के क्रम में पश्चिम बंगाल पुलिस, एसटीएफ, डीआईयू मोतिहारी एवं झरोखर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में झरोखर थाना क्षेत्र के विष्णुपुर निवासी रोमन कुमार यादव उर्फ राजेश यादव, पिता पन्नीलाल यादव को गिरफ्तार किया गया.पुलिस के अनुसार उसके पास से वर्धमान डकैती कांड से जुड़े चोरी के जेवरात बरामद किए गए हैं.पुलिस सूत्रों के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता सामने आई.इसके बाद संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया.बरामद जेवरात को जब्त कर लिया गया है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है.वर्धमान पुलिस आरोपी को स्थानीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल ले जाएगी, जहां उससे पूछताछ कर डकैती में शामिल अन्य अपराधियों तथा लूटे गए शेष आभूषणों के संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और डकैती में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है.



## पौधारोपण कर चेयरमैन ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर परिषद जमालपुर की ओर से काली पहाड़ी नहर परिसर में श्रमदान सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता को बढ़ावा देने को लेकर मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने जनहित के लिए संदेश दिए। मुख्य पार्षद के साथ कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम एवं लोको शेड के सीनियर डीएमई केके दास पहले काली पहाड़ी नहर के आसपास झाड जंगलो की कटाई एवं सफाई करते हुए पौधारोपण किया।



पर्यावरण संरक्षण के दिशा में उठाए गए इस सकारात्मक पहल में भरपूर सहयोग पार्षदों के साथ अधिकारी कर्मचारी सहित पर्यावरण प्रहरी ने भी किया। मौके पर राजन मंडल,पार्षद कैलाश सिंह, स्वच्छता प्रभारी सोनम राज, प्रेम शंकर, रितेश कुमार, राजीव कुमार,शशिकांत कुमार,सफाई इंस्पेक्टर सत्यनारायण मंडल, नीरज कुमार, विवेक, रेल कर्मी सुजीत कुमार, सहित स्वयं सहायता समिति की महिला सोनाली कुमारी,सेजल कुमारी,निशा कुमारी, सुनीता कुमारी, क्रांति कुमारी,नीतू कुमारी सहित कई मौजूद थी।

## रेल क्षेत्र को ग्रीन एवं क्लीन बनाने को लेकर मां के सम्मान में लगाए गए पौधे

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मां के सम्मान में एक पेड़ धरती के कल्याण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लगाते हुए सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल एवं इरवो अध्यक्ष अनीता वर्णवाल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए। इसके पूर्व कारखाना परिसर से रेल अधिकारियों कर्मचारी यूनियन नेता एवं भारत स्काउट एंड गाइड के कार्यकर्ता के साथ सीडब्ल्यूएम पैदल जागरूकता रैली का नेतृत्व किया।



## नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज मुंगेर में संचालित हो रहा है। इस शिक्षा वर्ग में उत्तर-पूर्व क्षेत्र (बिहार एवं झारखंड) तथा दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से आए स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।जिला प्रचार प्रमुख बसंत राणा ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन (रूट मार्च) का आयोजन किया गया। पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज से प्रारंभ होकर मुंगेर नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए नगर भ्रमण कर पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर आकर संपन्न हुआ।पथ संचलन का उद्देश्य स्वयंसेवकों में अनुशासन, संगठन, समरसता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। संचलन के दौरान स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए समाज के समक्ष संघ के संगठनात्मक एवं संस्कारमूलक कार्यों का परिचय प्रस्तुत कर रहे थे।

# अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर सेमापुर बाजार 5 घण्टे जाम

**बरारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्यों ज्यों तापमान का पारा चढ़ रहा है,बिजली विभाग की लापरवाही बढ़ती जा रही हैं।इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग के द्वारा लगातार बिजली कटौती से आक्रोशित होकर आखिरकार शुक्रवार को बरेटा, सेमापुर, सकरेली, काबर, सुखासन आदि पंचायतों के बिजली उपभोक्ताओं सेमापुर के पटेल चौक से देवेंद्र चौक तक बांस बल्ला घेरकर और टायर जलाकर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आग उगलती घुप में सड़क पर खड़े होकर बिजली विभाग मुदार्बाद के नारे लगाते रहे। करीब 5 घण्टे की इस सड़क जाम होने से सेमापुर बाजार थम सा गया,जो गाड़ी जहां थी वही 5 घण्टे तक तपती गर्मी में खड़ी रही।आखिरकार अंतिम क्षण में बिजली विभाग के एसडीओ अभिताभ कुमार, सीओ मनीष कुमार,कनीय विधुत अभियंता सेमापुर, सेमापुर थाना के पुलिस मौके पर पहुचीं और आक्रोशित बिजली उपभोक्ताओं से आरजू मिन्नतें कर जाम हटवाये।इस दौरान लगातार बिजली कटौती को लेकर संघर्ष कर रहे बिजली उपभोक्ता संघ के पैक्स अध्यक्ष राहुल सिंह, समाजसेवी आशु राजा, गंगा समग्र के प्रदेश सदस्य अखिलेश सिंह,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, सकरेली के पूर्व मुखिया बालकृष्ण पटेल, जिप सदस्य प्रतिनिधि शारिब खान, समाजसेवी जैकी सिंह,कन्हैया सिंह,भाजपा नेत्री शांति जायसवाल, चंदन चौधरी, अफरोज अंसारी, शोले जायसवाल आदि ने एसडीओ अमिताभ कुमार, सीओ मनीष कुमार को निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर चार सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद बिजली उपभोक्ताओं ने पदाधिकारियों को अवगत करवाया की हर हाल में सेमापुर पावर हाउस से मकईपुर की ओर कोलासी मथुरा का कनेक्शन काटा जाय, सेमापुर पावर हाउस को कटिहार क्षेत्र से जोड़ा जाए।सेमापुर क्षेत्र में कम से कम 22 घण्टा बिजली सुनिश्चित हो।सेमापुर क्षेत्र से लोड सेटिंग समस्या को दूर किया जाय।अन्यथा की स्थिति में बिजली उपभोक्ता संघ चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश होगी,इस स्थिति में इसकी जिम्मेवारी बिजली विभाग की होगी।इस दौरान एसडीओ अमिताभ कुमार ने बिजली उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि सेमापुर को मनिहारी ग्रिड से पावर सप्लाई दी जाती है,जो कि लगभग 70 किलोमीटर की दूरी है।जहां लगभग 15 से 20 किलोमीटर बाढ़ पानी ही रहता है।





**टायर जलाकर बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया**

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान, 19 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, राज्यभर में पौधारोपण अभियान चलाया गया तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष पहल की गई। पर्षद् द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में बिहार के 16 जिलों सहित कोलकाता, धनबाद और हरिद्वार के कुल 1,066 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को पांच वर्गों में आयोजित किया गया था। चयनित प्रतिभागियों को शुक्रवार को पटना स्थित परिवेश भवन में पर्षद अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला एवं सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। क्विज प्रतियोगिता में 163 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्क्रीनिंग एवं सेमीफाइनल चरण के बाद चार टीमों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार तथा चार अन्य टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 19,472 पौधे लगाए गए। बरौनी क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत सर्वाधिक 13,282 पौधारोपण किए गए। इसके अलावा मुजफ्फरपुर, पटना, गया और पूर्णिया क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के प्रभावी अनुपालन को लेकर पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। पर्षद् ने अप्रैल-मई के दौरान 12 ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों में 20 हजार से अधिक हितधारकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कचरे के पृथक्करण, जैविक कचरे के स्थानीय प्रसंस्करण तथा खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर रोक जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पर्षद द्वारा 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026' पर आधारित एक विशेष पॉडकास्ट भी जारी किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य के लिए पर्षद के छह कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री) के सहयोग से 'जलवायु कार्रवाई, न्यून अपशिष्ट एवं सतत विकास' विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने जल प्रदूषण, पर्यावरण शिक्षा, ऊर्जा असमानता तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।




# पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी : डॉ. शंभू शरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विवेकानंद वीआईपी स्कूल, विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल एवं विवेकानंद बीआईपी बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह द्वारा पौधा लगाकर की गई। उन्होंने पृथ्वी को हरित बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत सहित पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है तथा हर वर्ष इसे एक नई थीम के साथ आयोजित किया जाता है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्लास्टिक प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुके हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने और जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आगामी 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि से "आत्मोदय अभियान" की शुरुआत की जाएगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य एन.के. सिंह, अविनाश कुमार, तकनीकी सहायक धीरज कुमार, नारायण दास सहित विद्यालय के अन्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा व घोंसला वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रखंड के चिड़ैयाटाड़ गांव में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पौधों तथा पक्षियों के लिए लकड़ी से निर्मित घोंसलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, प्रो. जयराम सिंह, प्रो. रामजीत सिंह एवं बाल विकास विद्यालय के निदेशक अंबिका पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने वृक्षों को प्रकृति का अनमोल उपहार बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और जैव विविधता के लिए पेड़ों का संरक्षण आवश्यक है। इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह ने बरगद एवं पीपल जैसे अधिक ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष लगाने पर बल दिया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों के बीच पौधे एवं पक्षियों के घोंसले वितरित किए गए। मौके पर संजय सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह, शेखर सुमन, राजेंद्र प्रसाद समदर्शी, अजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार सिंह ने पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने दर्जनो लोगो के बीच पौधा और पक्षियो आश्रय लेने के लिए लकड़ी के बनाए गए घोंसला का वितरण किया। सीईओ शेखर सुमन ने कहा कि धरती पर पेड़ो की कमी होने से पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन में अनिश्चितता बढ़ गई है। धरती पर बाग बगीचे नहीं होने से जैव विविधता के जीवन चक्र के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। मौके पर सीईओ प्रो राजेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद समदर्शी, अजय पांडेय, विनय सिंह समेत समस्त ग्रामीण मौजूद थे।




## पौधा लगा पर्यावरण को बचाने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हसपुरा प्रखंड के कई जगहों पर पौधारोपण किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा के उत्तरी मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना नें अपने साथियों के साथ अमझर शरीफ सूर्य मंदिर परिसर में एक वृक्ष अपनी मां के नाम का संदेश देते हुये वृक्ष लगाया। कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधों का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अपने मंडल के सभी मोर्चा के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित अन्य ग्रामीणों से निवेदन करते हुए कहा कि आज के दिन आप सभी भी एक वृक्ष अपने मां के नाम से जरूर लगाए और देश को प्रदूषणमुक्त करें एवं जीव जंतु को संरक्षण दें। इधर हसपुरा व्हाइट हाउस में भी वार्ड सदस्य अरमान कादरी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। डुमरा गांव में सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार, भाजपा के शक्ति केंद्र प्रमुख सत्येंद्र पांडे, विक्की कुमार, टुन्नू कुमार, रंजन कुमार ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।

# इस धरती को रहने योग्य बनाएं सभी विश्व पर्यावरण दिवस मनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को विवेकानंद मिशन स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विवेकानंद सद्भावना उद्यान स्थित विद्यालय परिसर में संस्था के मैनेजर सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में महोगनी का पौधा लगाकर पुण्य धरा की हरियाली और जीवन की खुशहाली का संकल्प लिया गया। संस्था के निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह ने कहा कि पर्यावरण दिवस को मनाने का मकसद धरती पर बढ़ रहे प्रदूषण और ग्लोबलवार्मिंग से जीवन बचाना है। कोयला, डीजल और पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग घटाकर सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना होगा। भारत समेत पूरे विश्व में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसे हर साल एक नए थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष का खास मुद्दा जलवायु कार्रवाई तय की गई है। जलवायु परिवर्तन आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। बढ़ता वैश्विक तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाएँ इसके गंभीर प्रभावों को दर्शाती हैं। इन समस्याओं का प्रभाव मानव जीवन, कृषि, जैव विविधता और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इस अवसर पर नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों तथा सरकारी संगठनों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया जाता है। वृक्षारोपण, ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, जल संरक्षण तथा प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे कदम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। हम सभी को मिलकर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। प्रत्येक वर्ष यह पहल डॉ. शम्भू शरण की ओर से पर्यावरण के प्रति जनजागरण का संदेश दूरस्थ क्षेत्रों-कस्बों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बाद डॉ. शम्भू का अगला अभियान जुलाई माह में स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि चार जुलाई से 'आत्मोदय अभियान' के रूप में आरंभ होगा जो गांव-गांव में पर्यावरण के प्रति संवाद संप्रेषण और वृक्षारोपण का कार्य करेगा। बच्चों में पर्यावरण के ज्ञान, पर्यावरण के प्रति लगाव और दायित्व बोध तथा लोगों तक पेड़, पानी, हवा के महत्व के विषय में अवेयरनेस हमारे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रबंधक, सुनील कुमार सिंह, आदया वत्स, अभिभावक प्रकाश कुमार, छात्रा सृष्टि कुमारी, प्राचार्य शैलेश कुमार शर्मा, शिक्षक लोकेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजू कुमार, राहुल रंजन, शिक्षिका मीरा कुमारी, एवं अन्य सहकर्मी सम्मिलित रूप से पौधारोपण में सहभागी बनें।




# आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित टीकाकरण अभियान संपन्न

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लगाए गए जीवनरक्षक टीके

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। शहर के वार्ड संख्या 28 स्थित कामा बिगहा आंगनबाड़ी केंद्र में माह के प्रथम शुक्रवार को नियमित टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात तथा छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही उपस्थित महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। टीकाकरण सत्र की निगरानी सुपरवाइजर अमित कुमार ने की। एएनएम रिंकू कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता सुरमिला कुमारी ने लाभार्थियों का पंजीकरण कर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीके लगाए। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए लगाए जाने वाले टीके मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सुपरवाइजर अमित कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण केंद्र लेकर आएं ताकि उन्हें सभी आवश्यक टीकों का लाभ मिल सके। एएनएम रिंकू कुमारी ने बताया कि टीकाकरण बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित समय पर सभी टीके लगवाना आवश्यक है। वहीं गर्भवती महिलाओं को भी समय पर टीकाकरण कराने से विभिन्न प्रकार के संक्रमणों और जटिलताओं से बचाव होता है। आशा कार्यकर्ता सुरमिला कुमारी ने घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ने से अब अधिक संख्या में लोग अपने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लिए केंद्र तक ला रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वच्छता, पोषण, स्तनपान, प्रसव पूर्व जांच तथा नवजात शिशुओं की देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि नियमित टीकाकरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और इसके माध्यम से कई गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से क्षेत्र के बच्चों और माताओं को काफी लाभ मिल रहा है तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

# विधान परिषद उम्मीदवारों को श्रवण कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के लिए जनता दल (यू) द्वारा घोषित उम्मीदवारों को सूचना एवं जनसंपर्क तथा ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मंत्री ने वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, महिला जदयू की प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति तथा ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये सभी प्रत्याशी अपने अनुभव, समर्पण और जनसेवा के बल पर समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं एवं मुद्दों को प्रभावी ढंग से विधान परिषद में उठाएंगे। श्रवण कुमार ने विश्वास जताया कि सभी उम्मीदवार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए सदन में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे तथा राज्य के विकास और सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उम्मीदवारों के चयन का यह निर्णय अति पिछड़ा वर्ग सहित समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों के सम्मान, भागीदारी और राजनीतिक सशक्तिकरण के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से समाज के कमजोर एवं वंचित तबकों का लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास और मजबूत होगा तथा उनकी सहभागिता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जदयू सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की विचारधारा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है।

## जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, 16 टीमों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रफीगंज प्रखंड के कजपा पंचायत अंतर्गत जमीलगंज में शुक्रवार जेपीएल द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा गया। कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों से टीमें पहुंची हैं। शुक्रवार को खेले गए उद्घाटन मैच में पांडेपुर औरंगाबाद एवं केशोपुर रफीगंज की टीम आमने-सामने हुई। रोमांचक मुकाबले में पांडेपुर की टीम ने चार रन से जीत दर्ज की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कजपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, लालू कुमार, छोटू कुमार एवं रमेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत रफीगंज द्वारा 5 जून से 12 जून 2026 तक "सेंसिटाइजेशन (जागरूकता) अभियान" की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए लोगों को पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है। नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें। नगर पंचायत के अनुसार अभियान के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, जनसंपर्क गतिविधियों एवं स्वच्छता संबंधी आयोजनों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। यह विशेष अभियान 12 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त वातावरण का निर्माण संभव है।

# मुजफ्फरपुर अग्निकांड के बाद रफीगंज प्रशासन अलर्ट

## अस्पतालों और होटलों में चला जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में हुए भीषण अग्निकांड की घटना के बाद रफीगंज प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रफीगंज अग्निशमन विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर के कई निजी अस्पतालों एवं होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गईं। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मुन्ना कुमार के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों एवं होटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी सुरक्षा संसाधनों की जांच की गई तथा संचालकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर अग्निकर्मी मो. इजहार आलम, रंजीत कुमार एवं अ. चा. सौरव कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# लोक संवाद गोष्ठी के जरिए मजबूत होगा पुलिस-पब्लिक का रिश्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार पुलिस के 'जन विश्वास - हमारा प्रयास' अभियान के तहत अंबा थाने द्वारा 6 जून यानी आज एक विशेष 'लोक संवाद गोष्ठी' का आयोजन किया जा रहा है। "कनेक्टेड सुरक्षा - साझीदार समाज" के मुख्य ध्येय के साथ आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम सतबहिनी मंदिर परिसर में संपन्न होगा। पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से बुलाई गई यह गोष्ठी शाम चार बजे से लेकर छह बजे तक चलेगी। कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक सौहार्द और जनसहभागिता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। गोष्ठी में विशेष 'संवाद केंद्र' बनाया जाएगा, जहां आम नागरिक कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ी अपनी समस्याओं को पुलिस के समक्ष रख सकेंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए जनता की राय बेहद महत्वपूर्ण है। 'सब्मिट योर वॉयस' पहल के तहत लोगों को अपनी राय साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जा सके। बिहार पुलिस की टीम ने आम जनता से इस गोष्ठी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि एक सुरक्षित बिहार के निर्माण के लिए आम जनता का सहयोग अनिवार्य है। इसके साथ ही आपातकालीन स्थितियों के लिए आपात नंबर '112' और तत्काल अपनी बात पहुंचाने के लिए 'कनेक्शन बटन' जैसी सुविधाओं के प्रति भी नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गांधी मैदान में सहकारिता मंत्री ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने शुक्रवार को पटना के गांधी मैदान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि पर्यावरण और मानव जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन लगातार प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन, जैव विविधता और पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व भी सुरक्षित रहेगा। प्रकृति के साथ संतुलित व्यवहार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा हरित आवरण बढ़ाने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील की। राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का एक प्रेरणादायी प्रयास है। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाए, तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम साबित होगा। उन्होंने सभी लोगों से प्रकृति संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।




## SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD., PATNA

Govt. of Bihar

(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**NIT No. 52 /PR/SBPDCL/2026**

**(Through e - procurement mode only - www.eproc2.bihar.gov.in)**

Online e-Tender is invited by Chief Engineer (Civil), SBPDCL from eligible and experienced Agency/ Firm/Company/State or Central Govt. Undertaking who have necessary experience, for the work mentioned below--

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | E.M.D. | Cost of BOQ | Bid Processing Fee | Completion time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | RE-TENDER | | | |
| 1. | Construction of two nos. of additional open shed (50'x30') at central store Aurangabad. | Rs. 48,78,610/- | Rs. 97,572/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 4 Months |
| 2. | Provision of approach road for TRW Barun, Aurangabad | Rs. 37,13,632/- | Rs. 74,273/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 3 Months |
| 3. | Re-construction of boundary wall with painting, barbed wire and soil filling at 33/11kV PSS Bhuwalpur, Kahalgaon, Bhagalpur. | Rs. 25,47,790/- | Rs. 50,956/- | Rs. 5900 /- | Rs. 590/- | 3 Months |

| | |
|---|---|
| BOQ sale start Date | **18.06.26** through website **www.eproc2.bihar.gov.in** |
| Date of pre bid meeting | **19.06.26** |
| Period of Sale of Tender documents up to: | **23.06.26(up to 1:00 P.M.)** through website **www.eproc2.bihar.gov.in** |
| Online receipt of tender up to:- | **24.06.26(up to 3:00 PM)** EMD, Bid processing fee and cost of BOQ to be paid through online mode i.e. internet payment gateway (Credit/debit), Net banking, NEFT/RTGS to BSEDC, Patna before last date and time of opening of Technical Part. |
| Date of opening of Technical Part: | **On 24.06.26 after 3:30 PM** |
| Date of opening of Price Part: | To be notified after Technical Bid Evaluation ( **www.eproc2.bihar.gov.in** ) |

**Chief Engineer (Civil)**

**PR- 005082 (B & C) 2026-27**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# एनटीपीसी कहलगांव में गूंजा 'क्लाइमेट एक्शन' का नारा

## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कहलगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनटीपीसी कहलगांव के पर्यावरण प्रबंधन समूह विभाग एवं सृष्टि समाज के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुक्रवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्ष 2026 की वैश्विक थीम जलवायु कार्रवाई पर आधारित इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर प्रभात फ़ेरी एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ इस अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 300 फलदार और छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान न केवल पौधे लगाए गए, बल्कि उनके संरक्षण और उचित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित प्रभात फ़ेरी में विद्यार्थी, एनटीपीसी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखी तख्तियां थामे बच्चों और बड़ों के उत्साह ने पूरे परिसर को ऊर्ज़ा से भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति सचेत करना और एक सतत भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल ने सभी से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक दिन का कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी से एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में सृष्टि समाज की अध्यक्षा अर्चना पटेल, उपाध्यक्ष मधुमिता दास, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्रीनाथ मारिसेट्टी, अपर महाप्रबंधक (एच आर) मनोरंजन सारंगी, सृष्टि समाज की उषा मारिसेट्टी, सरला पांडा, श्रीमति सारंगी, रीता रजक सहित एनटीपीसी के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।




# जिले को स्वच्छ एवं हरित बनाने में दें सहयोग : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा पंचायतों के स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ पौधारोपण, जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संदेश देना था। जिला प्रशासन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, नमामि गंगे तथा आईओसीएल बरौनी के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कपसिया स्थित नव निर्मित पार्क में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, बरौनी रिफाइनरी के प्रबंध निदेशक, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बेगूसराय एवं समस्तीपुर की बालिकाओं के बीच एक दोस्ताना फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबले में बेगूसराय की टीम विजेता रही। विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल एवं कप प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में कला एवं संस्कृति कार्यालय, बेगूसराय द्वारा बेगूसराय संग्रहालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत बेगूसराय संग्रहालय में इंटर्नशिप कर रहे जीडी कॉलेज, बेगूसराय के प्राचीन इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं के बीच विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन से जुड़े विषयों को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।




# पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना बेगूसराय की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही युवाओं के बीच पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा प्रकृति संरक्षण के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के सचिव मो आरिफ हुसैन ने किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सचिव मो आरिफ हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। बढ़ते प्रदूषण,वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पृथ्वी का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। यदि समय रहते लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है।ऐसे में वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे उपायों को अपनाकर ही हम एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों ने किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर मे पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। वृक्ष लगाने से पर्यावरण शुद्ध होता है। साथ ही साथ हमे शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। उन्होंने कहा कि माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसका मुख्य विषय वृक्षारोपण करना और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करना था यह बच्चे बहुत छोटे हैं और इन्होंने एक बहुत अच्छा संदेश दिया है कि वृक्ष लगाओ और जीवन बचाओ। इसलिए इन बच्चों की अपील को हम सभी को ध्यान देना है और एक स्वस्थ पर्यावरण मुक्त समाज का निर्माण करना है। साथ ही साथ उन्होंने व्यवहार न्यायालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने की अपील न्यायालय कर्मियों विद्वान अधिवक्ताओं अधिवक्ता लिपिको एवं लिटिगेट से की। इस कार्यक्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने वृक्षों को पर्यावरण का संरक्षक बताते हुए कहा कि संतुलित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में वृक्षों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि माउंट लिट्रा के बच्चों के द्वारा आज न्यायालय परिसर स्थित पार्क में ड्रामा विद डांस कार्यक्रम प्रस्तुत कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त एवं हमें शुद्ध हवा दिलवाने में वृक्ष की भूमिकाओं की चर्चा की गई । जो काफी सराहनीय था मैं विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों को इसके लिए धन्यवाद करता हूं । उन्होंने बहुत ही सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा ड्रामा विद डांस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने में पेड़ के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और पेड़ के नहीं होने पर उसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों में हुआ पौधारोपण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेविकाओं, सहायिकाओं एवं अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीपीओ रश्मि कुमारी ने कहा कि प्रकृति मानव जीवन की सबसे अनमोल धरोहर है। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और स्वस्थ जीवन का आधार स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे सरल, प्रभावी और सार्थक उपाय है। पौधे न केवल वायु को शुद्ध कर जीवनदायी प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि हरितिमा बढ़ाने के साथ-साथ वातावरण के तापमान को भी संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे वर्षा चक्र को बनाए रखने में भी सहायक होते हैं, जिससे धरती धन-धान्य से समृद्ध होती है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प लेने की अपील की।कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका शालिनी कुमारी, कुमारी कृष्णा, सेविका पानो कुमारी, बुलबुल कुमारी, सारिका कुमारी, प्रमिला कुमारी, काजल कुमारी, रोजी खातून, मंजू देवी, चांदनी कुमारी, कमरून निशां बेग, शोभा देवी, मीना कुमारी तथा सहायिका रेणु देवी सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम सभा का आयोजन

## पर्यावरण पर की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को नावकोठी प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा के तहत विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के मुखिया ने की। ग्राम सभाओं में पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता को लेकर व्यापक चर्चा की गई। ग्राम रोजगार सेवकों (पीआरएस) ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी के माध्यम से पौधारोपण को बढ़ावा देकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर बल दिया गया। विचार-विमर्श के बाद पंचायत क्षेत्रों में पौधारोपण के लिए नए स्थलों का चयन भी किया गया।वक्ताओं ने कहा कि पौधे जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षों की जड़ें वर्षा जल को धरती में रोकने का कार्य करती हैं, जिससे मिट्टी का कटाव रुकता है तथा कृषि भूमि की उर्वरता बनी रहती है। ग्राम सभाओं में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका दीदियों एवं आम लोगों की भागीदारी से जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं किसानों ने पौधों की नियमित देखभाल, सुरक्षा तथा संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं, स्वच्छ बिहार-लोहिया स्वच्छ ग्राम अभियान के तहत पंचायतों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में आम लोगों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर मुखिया अजय सहनी, निभा देवी, दिनेश यादव, सुनैना देवी, राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, श्वेता भारती, प्रभा देवी, अभिषेक कुमार पिट्टू, मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह, ई. रंजीत कुमार पम्पम, मुकेश कुमार, टुनटुन पोद्दार, झुनझुन भारती, पंकज महाराज, उपमुखिया राजकुमार सिंह, पिंटू कुमार सिंह, पीआरएस अजय सरोज, शुभम कुमार, विनोद कुमार, विश्व विभूषण, बबलू कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विक्रमशिला गंगा सेतु पर सात जून से आवागमन चालू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार के पूर्वी और सीमांचल क्षेत्रों का जीवनरेखा कहलाने वाला भागलपुर का विक्रमशिला गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत एवं तकनीकी परीक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी 07 जून, से सेतु पर पुनः वाहनों का परिचालन आरंभ किया जाएगा। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि सेतु की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर सफल ट्रायल किए जा चुके हैं। कल 06 जून की संध्या जिला प्रशासन एवं सीमा सड़क संगठन (बीआरसी) के अधिकारियों कीउपस्थिति में एक अंतिम परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद सात जून को सुबह दस बजे से सेतु पर यातायात का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में सेतु की एक लेन (लगभग 5 मीटर चौड़ी) को यातायात हेतु खोला जाएगा। इस मार्ग से केवल छोटे एवं मध्यम श्रेणी के वाहन, जिनकी भार वहन क्षमता अधिकतम 10 टन होगी, परिचालित किए जाएंगे। आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैकर, मैजिक, छोटे यात्री वाहन तथा पिकअप वैन जैसे हल्के मालवाहक वाहनों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विक्रमशिला सेतु के दोनों छोरों (महादेवपुर घाट एवं बरारी घाट) पर दंडाधिकारी, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तथा क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती की गई है। पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम से की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सेतु पर यातायात संचालन के लिए वन-वे प्रणाली लागू की जाएगी तथा रेड एवं ग्रीन सिग्नल आधारित ट्रैफिक लाइट व्यवस्था का उपयोग किया जाएगा।

# उद्योग विभाग की बैठक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले हुए पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आज विभागीय अधिकारियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, बैंकिंग संस्थानों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों तथा उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों की सहभागिता में पुराना सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सामने आ रही चुनौतियों, स्टार्टअप्स एवं उद्यमियों से प्राप्त फीडबैक, निवेश प्रस्तावों के निष्पादन, बैंकिंग समन्वय, भूमि उपलब्धता, ऋण स्वीकृति, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना तथा अन्य प्रशासनिक एवं प्रक्रियागत मुद्दों से संबंधित विषयों को विस्तार से रखा गया। विशेष रूप से स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, मेंटरशिप, अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं तथा व्यवसाय विस्तार में आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा जिलों के सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके प्रभावी एवं जिलों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, उद्यमियों की समस्याओं के शीघ्र निवारण, निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने तथा विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव सह एमडी बियाडा एवं आईडीए कुंदन कुमार, अरविंद कुमार वर्मा, विशेष सचिव, बिद्या नंद सिंह, निदेशक, हथकरघा एवं रेशम निदेशालय; मन समीर, निदेशक, एमएसएमई निदेशालय; मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशक, उद्योग; अनिल कुमार, अपर सचिव, तथा रेज़रपे की ओर से सुशांत सुभाष कुलकर्णी एवं रिज़वानुल हक सहित टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के उपरांत विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों, बैंकिंग संस्थानों, स्टार्टअप्स, निर्यातकों, औद्योगिक इकाइयों तथा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उद्योग विभाग, बिहार सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप बिहार के तहत रेजोरपे साथ एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित की गई।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने दिया हरित भविष्य का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक डॉ. आनन्द रंजन झा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने तथा प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम-से-कम एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन मानव जीवन और प्रकृति के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का उद्देश्य लोगों में जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति आधारित समाधानों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यदि प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटा-सा भी योगदान दे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि 'एक पौधा, एक उम्मीद, एक बेहतर कल' केवल एक नारा नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा धरती को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन 'स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन' के संदेश के साथ हुआ। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी लोगों से कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बखरी व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसीजेएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

# बिहार विधान परिषद चुनाव : स्वास्थ्य मंत्री निशांत समेत चार प्रत्याशियों के नाम घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव और उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी की ओर से जारी सूची में स्वास्थ्य मंत्री निशांत को प्रमुख उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया है। निशांत का नाम पहले से तय ही था. जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर पार्टी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए स्वास्थ्य मंत्री निशांत, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत को उम्मीदवार बनाए जाने को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य सरकार में स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे निशांत को पार्टी का भविष्य माना जाता है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने विश्वास जताया कि सभी उम्मीदवार संगठन की नीतियों और विकास के एजेंडे को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे तथा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) सामाजिक न्याय, विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच लगातार काम कर रही है और पार्टी के प्रत्याशी इन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ ही बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है तथा चुनावी तैयारियों को गति दी जा रही है।

# डीएम ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी विनोद दूहन ने परमान नदी के किनारे त्रिशूलिया घाट स्थित डॉल्फिन व्यू प्वाइंट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने त्रिशूलिया घाट को प्राकृतिक व पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए इसे विकसित करने का भरोसा दिया। वहीं, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रोजी कुमारी ने 'बाबा खरगेश्वर नाथ सह मां खरगेश्वरी मोक्ष धाम' परिसर में पौधारोपण कर जिले की सभी पंचायतों में व्यापक वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। डीडीसी ने कहा कि जलवायु संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे लगाना बेहद जरूरी है। खास बातः इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम इस्पायर्ड बाई नेचर फोर क्लाइमेट ऑवर फ्यूचर है, जो हमें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए प्रकृति से सीखने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# महिला की पिटाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा पूर्वी पंचायत स्थित मजनूपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का उपचार एक निजी क्लीनिक में कराया गया। जख्मी महिला की पहचान रामेश्वर महतो की पत्नी लीला देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में लीला देवी ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही शशिभूषण महतो, पूर्वी देवी एवं रंजन देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है।

# भीषण गर्मी और हीट वेव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी एवं हीट वेव ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और गर्म पछुआ हवा के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं तथा बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखी जा रही है।प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सुबह 10 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर शुरू हो जाता है, जो शाम तक जारी रहता है। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर भी दोपहर के समय काम करने से बच रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण शीतल पेय, नारियल पानी, नींबू पानी एवं अन्य ठंडे पदार्थों की मांग बढ़ गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजीव रंजन चौधरी ने लोगों को आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। इस भीषण गर्मी से दुकानदारों के व्यवसाय पर भी असर पड़ गया है। किराना दुकानदार, रेडीमेड कपड़ा के दुकानदार, हार्डवेयर के दुकानदार, सैलून, चाय बिस्कुट का दुकानदार, गुटखा का दुकानदार आदि अपने व्यवसाय में गिरावट से काफी चिंतित हैं। राजू चौधरी, रामकृष्ण कुमार, मोहम्मद अमजद, मोहम्मद अली हसन, मोहम्मद मुमताज, मोहम्मद कासिम, राज कुमार ठाकुर, कुणाल कुमार,राजा कुमार, सहदेव सहनी आदि दुकानदारों ने बताया कि पूरे दिन दुकान को ग्राहक के इंतजार में खोलकर बैठना पड़ता है।

## फीफा विश्व कप

# जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोजे के नाम है सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 की शुरुआत 11 जून से हो रही है। विश्व कप के इस 23वें संस्करण की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको कर रहे हैं। इस बार सर्वाधिक 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। फुटबॉल का इतिहास बेहतरीन खिलाड़ियों से भरा पड़ा है। कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने विश्व कप में अपने दमदार प्रदर्शन से न सिर्फ अपनी टीमों को जीत दिलाई है, बल्कि पूरी दुनिया में अपना नाम बनाया है।




फीफा विश्व कप में बतौर खिलाड़ी किसके नाम सर्वाधिक जीत दर्ज हैं।
जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोजे के नाम फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड है। क्लोजे ने जर्मनी के लिए 24 विश्व कप मैच खेले हैं जिसमें 17 जीत दर्ज की है। ब्राजील के काफू ने 20 मैचों में 16 जीत दर्ज की है। अर्जेंटीना के लियोनल मेसी ने 26 मैचों में 16 में जीत हासिल की है। काफू और मेसी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद जर्मनी के वोल्फगैंग ओवरथ, ब्राजील के रोनाल्डो, जर्मनी के फिलिप लाम, बास्टियन श्वाइन्स्टाइगर और लोथार माथौस हैं। ओवरथ ने 19 मैचों में 15 जीत, रोनाल्डो ने 19 मैचों में 15 जीत, लाम ने 20 मैचों में 15 जीत, श्वाइन्स्टाइगर ने 20 मैचों में 15 जीत और माथौस ने 25 मैचों में 15 जीत हासिल की है। ब्राजील के लुसियो ने 17 मैचों में 14 जीत, जर्मनी के फ्रांज़ बेकेनबाउर ने 18 मैचों में 14 जीत, फ्रांस के ओलिवियर गिरौड ने 18 मैचों में 14 जीत, फ्रांस के एंटोनी ग्रीजमैन ने 19 मैचों में 14 जीत, जर्मनी के पेर मर्टेसैकर ने 19 मैचों में 14 जीत, फ्रांस के ह्यूगो लोरिस ने 20 मैचों में 14 जीत, इटली के पाओलो मालदिनी ने 23 मैच खेलते हुए 14 जीत हासिल की है।

# 'दाऊद IPL में फिक्सिंग चाहता था, मेरे बेटे का अपहरण कराया'

## ललित मोदी का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने अपने इंटरव्यू में कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि दाऊद इब्राहिम की तरफ से उनको धमकियां मिली थीं। वहीं 62 वर्षीय मोदी ने यह भी बताया कि उनके ऊपर तीन जानलेवा हमले के प्रयास भी हुए थे। इतना ही नहीं लंदन में उनके बेटे का अपहरण भी करवाया गया था। एएनआई से बात करते हुए ललित मोदी ने बताया, 'यही सबसे बड़ा कारण है। उसने (दाऊद इब्राहिम ने) मेरे ऊपर तीन बार जानलेवा हमले के प्रयास करवाए थे। दाऊद ने खुद यह कहा था। वह तीन बार चूक गया। कारण यह था कि मैंने उसकी मैच फिक्स करवाने की बात नहीं मानी। अगर आप पहले तीन साल देखें जब तक



मैंने मैनेजमेंट संभाला, तब तक कतई फिक्सिंग नहीं हुई। यही माफिया के द्वारा पसंद नहीं किया गया।'
ललित मोदी ने आगे कहा, 'लेकिन इसका प्रमुख कारण था कि उसने सोचा था कि मैं आईपीएल 2 (2009) से हट जाऊंगा। कई शर्तें लगी थीं कि आईपीएल 2009 नहीं होगा। बॉम्बे पुलिस के पास हर बात की रिकॉर्डिंग है। बॉम्बे पुलिस ने मुझें सिक्योरिटी भी दी थी। मेरे घर के बाहर बॉम्बे में शूटआउट हुआ था। जोहानिसबर्ग और केपटाउन में मुझ पर हमले के प्रयास हुए, लेकिन साउथ अफ्रीका की सरकार ने मुझे बचाया।' मोदी ने आगे बताया, 'मोंटेनेगरो में भी मुझे पर हमले का प्रयास हुआ। मेरे बेटे का लंदन में अपहरण किया गया। मैंने यह कहानी कभी किसी को नहीं बताई।

# सचिन नंबर 1, सहवाग से आगे यशस्वी

## टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-10 भारतीय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के समाप्त होने के बाद अब भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक मैच की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 6 जून से शुरू होने वाले इस टेस्ट मैच में भारत को जीत का फेवरेट माना जा रहा है। हालांकि अफगानिस्तान की भी कोशिश होगी कि वो भारत को कड़ी टक्कर दे, लेकिन ये टीम किस हद तक इसमें सफल हो पाती है इस पर निगाहें रहने वाली है। अब इस टेस्ट सीरीज से पहले आपको बता दें कि भारत की तरफ से टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-10 भारतीय बैटर कौन हैं।

### सचिन तेंदुलकर के नाम है सबसे ज्यादा रन

भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में अगर एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो इसमें पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने साल 2010 में 1562 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंनें साल 2024 में 1478 रन बनाकर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा था। सहवाग इस लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर मौजूद हैं। सहवाग ने साल 2008 में 1462 रन बनाए थे जबकि साल 2010 में टेस्ट में सहवाग के बल्ले से कुल 1422 रन निकले थे। इस लिस्ट में सुनील गावस्कर 5वें नंबर पर हैं जिन्होंने साल 2002 में 1407 रन बनाए थे जबकि सचिन तेंदुलकर ने साल 2002 में 1392 रन बनाए थे और वो छठे स्थान पर भी हैं। गुंडप्पा विश्वनाथ इस सूची में सातवें नंबर पर हैं जिन्होंने साल 1979 में कुल 1388 रन बनाए थे। राहुल द्रविड़ 8वें स्थान पर हैं जिन्होंने साल 2002 में 1357 रन एक कैलेंडर वर्ष में बनाए थे जबकि विराट कोहली ने साल 2018 में 1322 रन बनाए थे और 9वें स्थान पर मौजूद हैं।






### टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर

- सचिन तेंदुलकर- 1562 रन, 2010
- वीरेंद्र सहवाग- 1462 रन, 2008
- सुनील गावस्कर- 1407 रन, 1979
- गुंडप्पा विश्वनाथ- 1388 रन, 1979
- विराट कोहली- 1322 रन, 2018
- यशस्वी जायसवाल- 1478 रन, 2024
- वीरेंद्र सहवाग- 1422 रन, 2010
- सचिन तेंदुलकर- 1392 रन, 2002
- राहुल द्रविड़- 1357 रन, 2002
- सुनील गावस्कर- 1310 रन, 1983

# चंढीगढ़ में आज एकमात्र टेस्ट में भारत और अफगानिस्तान की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच का आगाज शनिवार से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, अफगानिस्तान भी क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में भारत को कड़ी टक्कर देना चाहेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक महज एक टेस्ट मैच खेला गया है। यह टेस्ट मैच साल 2018 में बेंगलुरु में खेला गया था। भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इस टेस्ट को एक पारी और 262 रनों से अपने नाम किया था। हालांकि, पिछले 8 वर्षों में अफगानिस्तान की टीम काफी




मजबूत हुई है। एकमात्र टेस्ट मैच के लिए देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया गया है। पडिक्कल का प्रदर्शन आईपीएल 2026 और घरेलू क्रिकेट में काफी शानदार रहा। सिर्फ पडिक्कल ही नहीं बल्कि कई युवा खिलाड़ियों को इस सीरीज के लिए मौका दिया गया है। मानव सुथार को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को भी टीम में जगह दी गई है।

### एकमात्र टेस्ट के लिए दोनों टीम

- **भारतीय टीम का स्क्वॉड:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उप-कप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गुरनूर बराडर, हर्ष दुबे और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।
- **अफगानिस्तान टीम का स्क्वॉड:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी और सलीम सफी।

# साई सुदर्शन वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी, हम उन्हें पर्याप्त मौके देंगे: गौतम गंभीर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया है कि भारतीय टीम साई सुदर्शन को अभी पर्याप्त मौके देगी। गंभीर का कहना है कि



सुदर्शन एक वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी हैं और वह हाल ही में आईपीएल 2026 में 700 से ज्यादा रन बनाकर आ रहे हैं। गंभीर के बयान के बाद यह लगभग तय हो गया है कि अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में नंबर तीन की पोजीशन पर सुदर्शन ही खेलते दिखाई देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए गंभीर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना है कि किसी भी खिलाड़ी को अपनी काबिलियत साबित करने के लिए पर्याप्त मौके मिलने चाहिए। साई सुदर्शन खराब फॉर्म में नहीं हैं और वह आईपीएल 2026 में 700 से अधिक रन बनाकर आ रहे हैं। अगर हम किसी खिलाड़ी को 4 या 5 पारियों के आधार पर जज करेंगे, तो हम टीम तैयार नहीं कर पाएंगे।' हेड कोच ने आगे कहा, 'ऐसा नहीं है कि हम अगर एक खिलाड़ी को 5 मुकाबले में आजमाएंगे, तो दूसरे को सिर्फ एक या दो मुकाबलों में मौका देंगे। हालांकि, अभी हम साई सुदर्शन के साथ जाना चाहते हैं और उन्हें पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। वह एक वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि वह शानदार प्रदर्शन करके दिखाएंगे।'

# विनेश ने दिया कारण बताओ नोटिस का जवाब

## WFI के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा- नियमों के अनुसार लिया जाएगा फैसला



**नई दिल्ली।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) ने गुरुवार को कहा कि उसे विनेश फोगाट के उस शो कॉज नोटिस का जवाब मिल गया है जो 9 मई को जारी किया गया था। रेसलिंग फेडरेशन ने ये बयान तब जारी किया जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसके तहत वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट विनेश को सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने बाद की घटनाओं को देखते हुए इस याचिका को बेअसर करार दिया।

**विनेश ने दिया शो कॉज नोटिस का जवाब-** मीडिया सूत्रों के मुताबिक कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि कुश्ती महासंघ को रेस्पॉन्डेंट (विनेश फोगाट) का शो कॉज नोटिस का जवाब मिल गया है जिस पर महासंघ के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार फैसला लिया जाएगा।

## हिप इंजरी की वजह से मैटेओ बेरेटिनी फ्रेंच ओपन 2026 से बाहर, बोले-

# यह जिंदगी का आखिरी टूर्नामेंट नहीं

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन 2026 में इटली के टेनिस खिलाड़ी मैटेओ बेरेटिनी का सफर चोट के कारण खत्म हो गया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान हिप इंजरी (कूल्हे की चोट) की वजह से उन्हें मुकाबले को बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिसके चलते मैटेओ अर्नाल्डी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। अर्नाल्डी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेरेटिनी के खिलाफ 5-7, 2-5 से पीछे चल रहे थे। हालांकि लगातार दर्द बढ़ने की वजह से बेरेटिनी को मैच बीच में ही छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मैच में पहले सेट के दौरान बेरेटिनी ने लगभग 76 मिनट तक संघर्ष किया, लेकिन दूसरे सेट में उनकी चोट और गंभीर हो गई।

उन्होंने मेडिकल टाइमआउट भी लिया और कुछ देर के लिए कोर्ट से बाहर गए। इसके बाद उन्होंने थोड़ी देर तक खेलने की कोशिश की, लेकिन दर्द ज्यादा होने की वजह से उन्हें मैच छोड़ना पड़ा। इस जीत के साथ 104वीं रैंक वाले मैटेओ अर्नाल्डी ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह आधुनिक युग में महज दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच विपक्षी खिलाड़ी के इंजरी की वजह से रिटायर होने



के कारण जीता है। इंजरी के कारण बाहर होने के बाद बेरेटिनी ने कहा, 'मैं आखिरी इंसान हूं जो रिटायर होना चाहता है। मैं इससे बहुत थक गया हूं। मैं बस ऐसा नहीं करना चाहता, लेकिन कभी-कभी आपको ऐसा करना पड़ता है। बहुत से खिलाड़ियों ने पहले ऐसा किया है और यह अब तक का सबसे बुरा एहसास है, लेकिन यह करना सही है, क्योंकि यह मेरी जिंदगी का आखिरी टूर्नामेंट नहीं है और मुझे अपने भविष्य के बारे में सोचना है। मुझे अपनी रिकवरी के बारे में सोचना है।'

उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह बहुत बुरा नहीं होगा। मैं जाहिर तौर पर निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर मैं खेलता रहता, तो मेरा प्रदर्शन और भी बुरा होता और शायद ठीक होने में ज्यादा समय लगता।

दुर्भाग्य से मेरे पास रिटायर होने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था।' बेरेटिनी ने उम्मीद जताई कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं होगी और जल्द ही उनके स्कैन रिपोर्ट से स्थिति साफ होगी। विश्व के पूर्व नंबर छह खिलाड़ी बेरेटिनी साल 2022 में हुए यूएस ओपन के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।




# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से जीती लगातार तीसरी वनडे सीरीज

## कप्तानी में शाहीद अफरीदी का भी 'खुला खाता'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने कप्तान शाहीन अफरीदी की घातक गेंदबाजी साथ ही बाबर आजम की अच्छी बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी यानी तीसरे मैच में 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज कर ली। शाहीन अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली बार वनडे सीरीज में हराने में सफलता हासिल की। यही नहीं शाहीन अफरीदी का भी वनडे सीरीज में बतौर कप्तान जीत का खाता भी खुल गया।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को इस वनडे सीरीज में 2-1 से हराया और कंगारू टीम के खिलाफ जीत की हैट्रिक भी लगाई। दरअसल इस वनडे सीरीज से पहले पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले खेले गए दो वनडे सीरीज में भी हराया था और इस टीम के खिलाफ लगातार तीन वनडे सीरीज में जीत हासिल करने में सफलता हासिल की।




### शाहीन की कप्तानी में पाकिस्तान 2-1 से जीता

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और फिर 42 ओवर में 157 रन पर आउट हो गई।
पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन अफरीदी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान जोश इंग्लिस ने 65 रन की पारी खेली थी। वहीं पाकिस्तान को जीत के लिए 158 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 41.5 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सबसे बड़ी 40 रन की पारी खेली।

### पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया को लगातार सीरीज में हराया

ऑस्ट्रेलिया की टीम साल 2026 में पाकिस्तान दौरे पर आई और शाहीन अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान को 3 मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत मिली। इससे पहले साल 2021-22 में ऑस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान दौरे पर आई थी और बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम साल 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई थी और वहां मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में 3 मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीता था। यानी पाकिस्तान ने लगातार तीन वनडे सीरीज में कंगारू टीम को लगातार हराया।

### औरंगाबाद विधायक और डीएफओ ने पौधारोपण कर पर्यावरण रथ को दिखाई हरी झंडी

# पर्यावरण एवं मानव जीवन का संबंध अटूट : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को औरंगाबाद वन प्रक्षेत्र अंतर्गत स्थित जैव विविधता उद्यान, भरकुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जैव विविधता के महत्व पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोनों अतिथियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उसका संरक्षण का संकल्प लेने का




आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए निरंतर चलने वाला जनआंदोलन है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भरकुर के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवन और स्वच्छ प्रकृति से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह और वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि पर्यावरण और मानव जीवन का संबंध अटूट है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह ने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर औरंगाबाद वन क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, वनपाल राजीव कुमार, वनरक्षी मो. सबीर, सोनु कुमार पाण्डेय, प्रिन्स कुमार सिंह, राहुल कुमार एवं गजेन्द्र कुमार, बीके सविता दीदी सहित वन विभाग के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## मारपीट मामले में नौ आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुरानी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामला कंचनपुर थाना क्षेत्र के गुजराया गांव की है। पहले पक्ष से तीन और दूसरे पक्ष से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले पक्ष से पकड़े गए आरोपी की पहचान उस गांव निवासी अमित पांडेय, सत्यम पांडेय एवं सुरेंद्र पांडेय तथा दूसरे पक्ष से शिवम कुमार मिश्रा, रंजन मिश्रा, रमन मिश्रा, अमन प्रिंस कुमार, हर्षित मिश्रा, श्याम कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि पकड़े गए दोनों पक्षों के बीच पूर्व में मारपीट की घटना घटित हुई थी। इसी रंजीश में बीते दिनों दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से तीन जबकि दूसरे पक्ष से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

## स्वर्णाभूषण व्यवसायियों ने बंद रखी दुकानें, डीएसपी को दिया ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुलिस द्वारा पकड़े गए चोर के बयान पर स्वर्णाभूषण व्यवसायियों को गिरफ्तार या परेशान करने के मामले को लेकर व्यवसायियों ने शुक्रवार को शहर के लक्ष्मी भवन में बैठक की। हसपुरा और दाउदनगर की ज्वेलरी दुकानों को बंद रखा गया। स्वर्णकार आभूषण व्यवसायी संघ की इस बैठक की अध्यक्षता डॉ राजेंद्र प्रसाद सर्राफ ने की। इसमें हसपुरा प्रखंड के भी तमाम ज्वेलर्स शामिल हुए। राजकुमार खत्री, सुनील खत्री, उपेन्द्र कश्यप, गोपाल सोनी, रवि रंजन स्वर्णकार, नंदकिशोर प्रसाद, नरेश प्रसाद समेत तमाम दुकानदार शामिल हुए। कहा गया कि चोर के कहने पर पुलिस विश्वास करती है और उसके कहने पर किसी भी दुकानदार को पुलिस उठा कर ले जा रही है। यह उचित नहीं है। सवाल यह है कि आखिर कोई दुकानदार यह कैसे जानेगा कि



सामान बेचने आने वाला व्यक्ति चोर है या चोरी का माल लेकर आया है। बैठक के बाद एक ज्ञापन डीएसपी अशोक कुमार दास को उनके कार्यालय में जाकर दिया गया। डीएसपी ने कहा कि पुराने या नए जेवर बेचने आने वालों की तस्वीर, उसका आधार कार्ड और जेवर का फोटो का रिकार्ड रखें। दिए गए ज्ञापन में स्वर्णकार व्यवसायियों ने कहा है कि पुलिस ज्वेलरी दुकानदारों को गिरफ्तार किए गए कथित चोर के कहने पर पकड़ कर थाना ले जाती है। इससे उनकी प्रतिष्ठा का हनन हो रहा है। कई बार आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। जबकि दुकानदार चोरी का माल समझकर नहीं खरीदा होता है। उचित मूल्य देकर जब कोई जेवरात खरीद किया गया हो तो उस स्थिति में चोरी में संलिप्त बताकर गिरफ्तार करना कहां तक उचित है। आम तौर पर लोग पढ़ाई की फीस देने, इलाज कराने, दशकर्म व ब्रह्मभोज करने जैसे कार्य के लिए आर्थिक तंगी में जेवरात बेचने जेवेलर्स के पास जाते हैं, ऐसे में दुकानदार कैसे तय कर सकेगा कि सामान बेचने आने वाला व्यक्ति चोर है या चोरी का माल लेकर आया है।

## अवैध खनन में संलिप्त तीन लूना जब्त, 75 हज़ार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान खनन विभाग ने गोह थाना क्षेत्र के देवहरा स्थित पुनपुन नदी से अवैध रूप से बालू निकालने और उसका परिवहन करने में शामिल तीन लूना को जब्त किया है। साथ ही जुर्माना लगाया है। दरअसल पुनपुन नदी से आये दिन अवैध बालू खनन और परिवहन को लेकर काफ़ी शिकायतें विभाग को मिल रही थी जिसके आलोक मे जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। यह कार्रवाई खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष एवं मो. इकबाल के संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदे तीन लूना को जब्त किया है। प्रत्येक लूना पर 25 हज़ार रुपये जुर्माना लगाया गया है। खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## लोक संवाद गोष्ठी से पुलिस व आमजन के बीच बेहतर होगा संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं आपसी विश्वास सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को लोक-संवाद गोष्ठी का किया जाएगा। मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिला के सभी थाना क्षेत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को लोक-संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, जिससे स्थानीय समस्याओं, कानून-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों, सामाजिक चुनौतियों एवं जन-सुरक्षा संबंधी विषयों पर खुलकर चर्चा की जा सके। गोष्ठी के माध्यम से आमजन अपने सुझा, व, शिकायतें एवं समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। लोक-संवाद गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला समूहों, युवा वर्ग एवं अन्य सम्मानित नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही साइबर अपराध, नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान नगर थाना का सिंचाई कॉलोनी, दानी बिगहा, मुफ्फसिल थाना का रावल बिगहा, सिमरा थाना का बैरॉव, रीसियप थाना का सुंदरगंज, बारुन थाना का सिरिस हाई स्कूल के खेल मैदान, जम्होर थाना का मध्य विद्यालय जम्होर, फ़ेसर थाना का पंचायत भवन, करसाव, नवीनगर थाना का अनुग्रह नारायण स्टेडियम, एनटीपीसी खैरा थाना का खैरा, नरारिकला खर्द थाना का मेह चौक, टंडवा थाना का रामनगर, बड़ेम थाना का बड़ेम, माली थाना का बैरिया बाजार, कुटुंबा थाना का कुटुंबा पश्चिम बाज़ार, अंबा थाना का सतवाहिनी मंदिर परिसर, मदनपुर थाना का शिवनाथ बिगहा, देव थाना का सूर्य पोखर, सलैया थाना का उच्च विद्यालय सलैया, ढिबरा थाना का बालूगंज बाजार दूर्गास्थान, रफीगंज थाना का आरबीआर हाई स्कूल के बगल में, पौथू थाना का पंचायत सरकार भवन पौथू, कासमा थाना का उच्च विद्यालय, अरथुआ, उपहारा थाना का मध्य एवं उच्च विद्यालय डरवा, गोह थाना का पुन्दौल, बंदेया थाना का बक्सर, दाउदनगर थाना का नगर परिषद परिसर, ओबरा थाना का छठ घाट ओबरा, देवकुंड थाना का राजकीय मध्य विद्यालय देवकुण्ड, हसपुरा थाना का अमझर शरीफ एवं खुदवां थाना का खुदवां बाजार में लोक-संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने परिवादियों को दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित कर पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने नई दिल्ली में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। पौधारोपण के बाद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण के सामने गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे समय में वृक्षारोपण और हरित वातावरण का निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा




कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। पेड़ न केवल हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, तापमान नियंत्रित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराने का अवसर है। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देकर ही धरती को प्रदूषणमुक्त और हरित बनाया जा सकता है।

## जनता दरबार में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत आयोजित जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने 40 लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने प्राप्त शिकायतों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं ने समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए



निर्धारित समय के भीतर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जिले में पुलिस बेहतर पुलिसिंग और लोगों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए प्रयासरत है। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या 11 कांदुराम की गढ़ही मुहल्ले में घटी चोरी की एक घटना का पुलिस ने उद्भेदन किया है। पुलिस ने सोने का एक चैन भी बरामद किया है। इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि 28 अप्रैल को वार्ड संख्या 11 कांदुराम की गढ़ही निवासी सुरभि कुमारी द्वारा प्राथमिकी करायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर के नेतृत्व में थाना स्तर से एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, और आसूचना



संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को चोरी के सामानों के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने इस मामले में हसपुरा थाना क्षेत्र के शिवभजन बिगहा निवासी दीपक कुमार उर्फ बुढ़वा, हसपुरा थाना क्षेत्र के हसपुरा वार्ड संख्या 15 निवासी तारकेश्वर लाल को गिरफ्तार किया है। जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, सब इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, परमानंद कुमार यादव, सुदीश कुमार, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, विक्की कुमार, सिपाही दीपक कुमार, सोनू कुमार शामिल थे।

## यादव कालेज में सात दिवसीय पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह अभियान की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सात दिवसीय पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित पार्क में पौधारोपण कर किया गया। यह अभियान 5 जून से 11 जून तक विभिन्न गांवों, मोहल्लों, नदी किनारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने औरंगाबाद वन प्रमंडल की वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी मनोज मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना केवल जनभागीदारी और व्यापक पौधारोपण के माध्यम से ही किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने पौधा हाथ में लेकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

## विराट क्लासेज के 44 छात्रों को पुलिस भर्ती में मिली सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर टिकरी रोड स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान विराट क्लासेज के 44 छात्र-छात्राओं ने बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलक्ष्य में संस्थान परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्रा, समाजसेवी मुकेश लाल गुप्ता तथा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी संस्थान की ओर से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है और उनकी सफलता से विशेष संतोष मिलता है। रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने सफल अभ्यर्थियों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने की सलाह देते हुए कहा कि पुलिस बल में कार्य करते समय कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा युवाओं के जीवन को नई दिशा दे रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने और अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्रा ने कहा कि शिक्षा और मेहनत के बल पर छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से की गई तैयारी का परिणाम निश्चित रूप से सफलता के रूप में मिलता है। समाजसेवी मुकेश लाल गुप्ता ने कहा कि विराट क्लासेज से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर भीम प्रताप सिंह, अमन कुमार, कौशलेंद्र उर्फ विकास, अनुज कुमार, फिरोज, मंटू कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नाबालिग को सामुदायिक सेवा का आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने उत्पाद थाना में दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए एकमात्र विधि विरूद्ध किशोर को तीस दिन सामुदायिक सेवा का आदेश दिया है। बताया जाता है कि विधि विरूद्ध किशोर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा में सामुदायिक सेवा देगा।




## हरिओम कॉमर्स क्लासेस के छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लालकुमारी बाल युवा उत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में हरिओम कॉमर्स क्लासेस में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग एक दर्जन फलदार एवं छायादार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संकट पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। लगातार बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और हरित क्षेत्रों में कमी के कारण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, माता-पिता की वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाएं और अपने परिवार व समाज के लोगों



को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करें। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गोपाल नारायण सिंह विवि के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. मयंक राय ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रियम सिंह, अनामिका कुमारी, श्वेता सिंह, पायल कुमारी, साक्षी कुमारी, जिज्ञासा सिंह, सिया सिंह, वर्षा सिंह, रानी तिवारी, इशिता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, आशंका कुमारी, रिमझिम कुमारी, अविनाश, अभिजीत बबुआन, साहिल राज, संजीव, निश्चय, यश प्रताप सिंह, सौरभ, शुभम कुमार, सूरज, आर्यन एवं हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों ने भविष्य में भी नियमित रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269